प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक

# मोर्निंग सिटी

सच के साथ...

वर्ष - 11, अंक - 15, 21 जून से 27 जून, 2026 | मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8 | WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म

मोर्निंग सिटी



## हिमालय से हिंदमहासागर और पूरब से पश्चिम तक

# योग ही योग





डॉग स्क्वॉड



राजकोट



लद्दाख



श्रीनगर

21 जून का ये दिन पृथ्वी के कुछ भू-भाग पर सबसे लंबी अवधि का दिन होता है। अब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कारण 21 जून का ये दिन विश्व के सबसे बड़े सामूहिक उत्सव का दिन भी बन गया है। विश्व के अलग-अलग हिस्सों से योग की अद्भुत तस्वीरें सामने आईं। भारत में हिमालय से लेकर हिंद महासागर तक पूर्वोत्तर और पूरब में बंगाल से लेकर पश्चिम में सौराष्ट्र तक पूरा देश योग के रंग में रंगा रहा। योग गुरुओं ने बताया कि योग के जरिए मुश्किल हालातों में भी शरीर की फिटनेस, मन की शांति बनी रहती है। योग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और तनाव से निपटने में भी मदद मिलती है।



शिलांग



नादिया



अहमदाबाद



लद्दाख

## खबर संक्षेप

### बस और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में रविवार को एक बस के खड़े ट्रक से टकराने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 30 अन्य घायल हो गए। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर उल्लादाबरी के पास हुआ। उत्तर बंगाल राज्य परिवहन निगम की बस सुबह करीब 11:30 बजे सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई यात्री अंदर ही फंस गए।

### पति-पत्नी ने एक ही फंदे पर लटककर दी जान

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के एक गांव में पति-पत्नी ने शनिवार को एक ही फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि हस्तिनापुर गांव में हुई इस घटना के पीछे घरेलू विवाद की बात सामने आई है लेकिन जांच के बाद ही तथ्य सामने आएंगे। पुलिस ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां पर विनोद प्रजापति (22) और उसकी पत्नी लक्ष्मी प्रजापति (20) का शव एक ही फंदे पर लटका हुआ मिला। लोधी ने बताया कि दोनों का विवाह 14 महीने पहले हुआ था।

### राजस्थान में तेंदुए के हमले में 3 लोग घायल

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले के बल्लूपुरा गांव में तेंदुए के हमले में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया, घायलों की पहचान गीला यादव (45), जयराम सैनी (40) और बबली यादव (39) के रूप में हुई है। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि तेंदुआ सुबह सबसे पहले खेतों में घूमता हुआ दिखाई दिया और जब ग्रामीणों का एक समूह उसे भगाने के लिए मौके पर पहुंचा, तभी जानवर ने तीन लोगों पर हमला कर दिया।



## मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह सक्रिय हो सकता है मानसून

# आंधी-तूफान और बारिश... दिल्ली-यूपी समेत 8 राज्यों में अलर्ट, मप्र-छग में भी बदलेगा मौसम

नई दिल्ली

मौसम विभाग ने यूपी, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत 8 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में अभी बारिश, आंधी-तूफान का दौर जारी रहेगा। प्री मॉनसून रेन से इन राज्यों में मौसम सुहाना बना रहेगा और तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी देखने को नहीं मिलेगी। पश्चिमी राजस्थान में 24-25 जून को भारी बारिश होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में 22 से 25 जून और उत्तराखंड में 19 से 25 जून के दौरान बारिश होने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि वे बारिश के दौरान घरों से बाहर निकलने से बचें और आकाशीय बिजली की कड़कड़ाहट के समय सुरक्षित स्थानों पर रहें।

### मुंबई में मानसून की दस्तक, जमकर हुई पहली बारिश





देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आखिरकार मानसून ने जोरदार दस्तक दे दी है। रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में हुई सीजन की पहली अच्छी बारिश ने लोगों को उमस और गर्मी से राहत दिलाई। 8 जून से महाराष्ट्र के सोलापुर क्षेत्र के पास ठहरा मानसून अब सक्रिय हो गया है। इसके साथ ही मध्य भारत में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अरब सागर से आने वाली नम हवाएं तेज बारिश का कारण बनीं इसी वजह से रविवार सुबह मुंबई के कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की गई।

### इन राज्यों में बारिश के आसार

दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़,पंजाब में 22 से 25 जून के दौरान तेज बारिश होने के आसार मौसम विभाग ने जताए हैं। नोएडा, गाजियाबाद समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी 25 जून तक हल्की फुल्की बारिश के आसार हैं. पूर्वी उत्तर प्रदेश में 24-27 जून के दौरान बरसात के साथ आंधी का अलर्ट है। पश्चिमी राजस्थान में 23 से 28 जून और पूर्वी राजस्थान में 22 से 25 जून के दौरान बारिश का अलर्ट है।

### मप्र-छग व विदर्भ में आंधी-तूफान, बारिश के आसार

*मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में 22 से 25 जून के दौरान कुछ जगहों पर तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में भी दक्षिण पश्चिम मॉनसून आगे बढ़ने की परिस्थितियां अनुकूल हैं। पश्चिमी मध्य प्रदेश में 22 से 26 जून के दौरान आंधी, तूफान, बिजली कड़कने के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में 22 से 25 जून और विदर्भ में 22 से 29 जून के दौरान बारिश होने का अलर्ट है।*

### बिहार, झारखंड में फैलेगा मॉनसून

मौसम विभाग के अनुसार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार के कुछ हिस्सों में 23 जून के आसपास मॉनसून आगे बढ़ेगा। रांची, जमुईपुर, मुजफ्फरपुर, फूलबनी जैसे इलाकों में मॉनसून की बारिश का अलर्ट है।

### बंगाल में भारी बारिश का अलर्ट

पश्चिम बंगाल में कोलकाता, हावड़ा और सिक्किम में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। पूर्वोत्तर भारत में भी भारी बारिश का अलर्ट है जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में 24, बिहार में 22 और महाराष्ट्र-तेलंगाना में 24 जून तक तेज हवा चलने का भी अलर्ट है।

### इन राज्यों में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट

**उत्तर और मध्य भारत :** उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़।

**पहाड़ी क्षेत्र :** हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर।

**पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत :** बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, सिक्किम, असम, त्रिपुरा और मेघालय।

**दक्षिण भारत और तटीय क्षेत्र :** केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और अंडमान निकोबार द्वीप समूह।

## मोदी की तारीफ पर छिड़ी जुबानी जंग

# कांग्रेस में 'अपनों' से आर-पार! खेड़ा के तंज पर थरूर का करारा पलटवार





नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के भीतर एक बार फिर अंदरूनी विवाद खुलकर सामने आ गया है। कांग्रेस सांसद सांसद शशि थरूर पार्टी के शीर्ष नेताओं के निशाने पर आ गए हैं। थरूर के बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने की उनकी महत्वाकांक्षाएं इतनी बढ़ गई हैं कि अब वे बातें भी सुन सकते हैं जो पीएम मोदी ने कभी कही ही नहीं। वहीं शशि थरूर ने पार्टी के नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस अमेरिका-ईरान तनाव में भारतीयों की जान जाने की असली चिंता को दूर करने के बजाय सिर्फ "राजनीतिक फायदे" उठाने में दिलचस्पी ले रही है। दरअसल, थरूर ने जी7 समिट के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रुख की सार्वजनिक तौर पर तारीफ की थी।

### जो मोदी नहीं कहते, थरूर वो सुन लेते हैं : खेड़ा

थरूर के बयान पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने की उनकी महत्वाकांक्षाएं इतनी बढ़ गई हैं कि अब वे बातें भी सुन सकते हैं जो पीएम मोदी ने कभी कही ही नहीं। खेड़ा ने व्यंग्य करते हुए कहा कि थरूर ने बिना किसी समझौते वाली कूटनीति की जो बातें सुनीं, वे कभी आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज ही नहीं हुईं, जबकि बाकी कांग्रेस नेता केवल अपनी आम इंसानी इंद्रियों तक ही सीमित हैं।

### कांग्रेस की राजनीतिक फायदा उठाने में दिलचस्पी : थरूर

इस आलोचना के बाद लोकसभा सांसद शशि थरूर ने तथ्यों के साथ मजबूती से पलटवार किया। थरूर ने पार्टी के नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस अमेरिका-ईरान तनाव में भारतीयों की जान जाने की असली चिंता को दूर करने के बजाय सिर्फ राजनीतिक फायदे उठाने में दिलचस्पी ले रही है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर स्पष्ट किया कि उनकी चिंता केवल देश के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर थी और अगर कोई इस गंभीर मुद्दे पर राजनीति कर रहा है, तो यह बात थरूर के बारे में कम और उन आलोचकों के बारे में ज्यादा बताती है।

# इजरायली सेना ने लेबनान में सुरंग के अंदर 30 हिज्बुल्लाह आतंकियों को घेरा

## *भारी लड़ाई, इजरायल के 4 सैनिक मारे गए*

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

इजरायल की सेना ने लेबनान में एक सीक्रेट सुरंग में कम से कम 30 हिज्बुल्लाह आतंकियों को घेर लिया है। कुछ रिपोर्ट के मुताबिक तेबनित गांव में जमीन के नीचे बनाए गये एक बेस में कई दर्जन हिज्बुल्लाह के लड़ाके मौजूद है और बाहर से इजरायली सेना ने उन्हें घेर रखा है। रिपोर्ट के अनुसार सुरंगों का यह नेटवर्क कुल मिलाकर एक किलोमीटर से ज्यादा लंबा है और आईडीएफ की फोर्स ने जमीन के ऊपर और नीचे दोनों जगह लड़ाई लड़ रही है।

### अमेरिकी चेतावनी के बीच इजरायल का ऑपरेशन

अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने वाइट हाउस को चेतावनी दी है कि लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजरायल के लगातार ऑपरेशन से ईरान के साथ ट्रंप प्रशासन के हाल ही में हुए समझौते (मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग) पर असर पड़ सकता है। उसके बावजूद इजरायल लगातार लेबनान पर हमले कर रहा है।

### सैन्य ऑपरेशन में मारे गए इजरायली कर्नल व जवान

इस सैन्य ऑपरेशन के दौरान हिज्बुल्लाह के ड्रोन या एंटी-टैंक मिसाइल हमले में आईडीएफ की 52वीं आर्मर बटालियन के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल डोर बेन सिमचोन समेत 4 इजरायली सैनिक मारे गए हैं। इसके अलावा तेबनीत इलाके में हुए एक अन्य ड्रोन हमले में कमांडो फोर्स के 5 सैनिक घायल भी हुए हैं।

### मोर्टार और ड्रोन से आतंकी कर रहे हमले

रिपोर्ट में बताया गया है कि कि हिज्बुल्लाह के 30 आतंकवादी अंदर फंसे हुए हैं और वो मोर्टार के साथ साथ ड्रोन का इस्तेमाल करके इजरायली सेना का मुकाबला कर रहे हैं। आईडीएफ ने बताया कि यह बेस दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के सबसे अहम हेडक्वार्टर में से एक था। इस इलाके में ऑपरेशन का मकसद उत्तरी इजरायली समुदायों के लिए लंबे समय से बने हुए खतरे को खत्म करना था।

## बैलगाड़ी दौड़...



**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में हुई बैलगाड़ी दौड़ में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### गोलीबारी मामले में भाजपा नेता सांपला से आज पूछताछ

**होशियारपुर।** बेहबल कलां पुलिस गोलीबारी घटना की जांच कर रहे पंजाब पुलिस के विशेष जांच दल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता विजय कुमार सांपला को 22 जून को पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, सांपला को पूछताछ और अपना बयान दर्ज कराने के लिए जालंधर में पंजाब सशस्त्र पुलिस परिसर में पेश होने के लिए कहा गया है। नोटिस में कहा गया कि एसआईटी का मानना है कि सांपला मामले के तथ्यों और परिस्थितियों से वाकिफ हैं और चेतावनी दी गई है कि आदेश न मानने पर कानून के लागू प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई हो सकती है। नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए, सांपला ने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करना चाहते हैं।

## तीन स्वदेशी वॉरशिप्स आईएनएस दूनागिरी, संशोधक और अग्रय भारतीय नौसेना में हुए शामिल

# अब भारत की क्षमताओं की पहचान आत्मनिर्भरता से है : मोदी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि मजबूत समुद्री क्षमताएं किसी देश के आर्थिक और सामरिक प्रभाव को तय करने में निर्णायक भूमिका निभाती हैं तथा भारत इस बात को अच्छी तरह समझता है और इसके लिए तैयारी कर रहा है। मोदी ने यहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर स्वदेश निर्मित तीन पोतों को नौसेना में शामिल करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में केवल खरीदार देश बनकर नहीं रहना चाहता और देश के सशस्त्र बल दुनिया के लिए महज एक बाजार नहीं बने रह सकते। उन्होंने कहा, ''हमारी क्षमताओं की पहचान आत्मनिर्भरता से है, दुनिया के लिए बाजार बनने से नहीं। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन समेत कई गणमान्य व्यक्ति पोतों को नौसेना में शामिल किए जाने के अवसर पर उपस्थित रहे।

### नौसेना की बढ़ी ताकत

बता दें कि तीन स्वदेशी वॉरशिप्स आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और एंटी-सबमरीन आईएनएस अग्रय रविवार को भारतीय नौसेना में शामिल हुए। इन्हें देश में ही डिजाइन और बनाया गया है। आईएनएस संशोधक एक बार में लगातार 12 हजार किलोमीटर तक जा सकता है। आईएनएस दूनागिरी 8 ब्रह्मोस मिसाइल्स से लैस है।





### आईएनएस अग्रय- दुश्मन की सबमरीन खोजकर नष्ट करेगा

*आईएनएस अग्रय अर्नाला क्लास का चौथा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट यानी उथले पानी का वॉरशिप है। इसे हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और एडवांस्ड सोनार सिस्टम से लैस किया गया है। जिससे यह तटों पर तैनात दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें निशाना बना सकता है। भारतीय नौसेना के पास इस समय लगभग 140 से 145 सक्रिय वॉरशिप्स हैं। नौसेना का मुख्य लक्ष्य साल 2030 तक अपने जहाजों की कुल संख्या को 150 से 160 तक पहुंचाना है।*

### तीनों वॉरशिप की खासियत

आईएनएस दूनागिरी प्रोजेक्ट-17**A** का 5वां स्टील्थ फ्रिगेट वॉरशिप है। इसे नेवी के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है। प्रोडक्शन कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने किया है। जहाज के कमांडिंग ऑफिसर (डिजाइनेट) कैप्टन दिव्य आलोक ने कहा कि दूनागिरी ईस्ट नेवल कमान और ईस्टर्न फ्लीट का हिस्सा बनेगा।

**आईएनएस संशोधक- समुद्र का नक्शा और सर्वे करेगा :** आईएनएस संशोधक सर्वे वेसल (लार्ज) सीरीज का चौथा जहाज है। इसका काम युद्ध लड़ना नहीं, बल्कि समुद्र का सर्वे करना है। इसे तट और गहरे समुद्र में हाइड्रोग्राफिक सर्वे, समुद्री डेटा कलेक्शन और डिफेंस-सिविल यूज के लिए बनाया गया है। बंदरगाहों और समंदर के रास्तों का सर्वे करना भी इसके मुख्य काम में शामिल है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में 23 जून को करेंगी सम्मानित

# रोहित शर्मा, अलका याज्ञनिक व ममूटी समेत 65 हस्तियों को मिलेगा पद्म पुरस्कार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में मंगलवार को टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी, पार्श्व गायिका अलका याग्निक, क्रिकेटर रोहित शर्मा समेत 65 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। इस समारोह में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस केटी थॉमस और मशहूर मलयालम पत्रकार पी. नारायणन को पद्मविभूषण से सम्मानित किया जाएगा। विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी, पार्श्व गायिका अलका याग्निक समेत सात हस्तियों को पद्मभूषण मिलेगा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्मभूषण दिया जाएगा। भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा और हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया समेत 56 विभूतियों को पद्मश्री सम्मान मिलेगा। यह दूसरा नागरिक अलंकरण समारोह होगा। इससे पहले राष्ट्रपति ने 25 मई को आयोजित पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए – इनमें दो पद्मविभूषण, छह पद्मभूषण और 57 पद्मश्री शामिल थे।



# अलग अलग जनपदो से करते थे बाइकें चोरी

## बाइक चोर गैंग का पुलिस ने किया पदार्फाश, दो गिरफ्तार, आठ बाइक बरामद

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** एसपी गणेश प्रसाद साहा, एसपी ग्रामीण अभिषेक तिवारी के निर्देशन व सीओ कुरावली सच्चिदानंद सिंह के कुशल नेतृत्व में वाहन चोरो की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में घिरोर पुलिस ने अभियान चलाकर शनिवार को सूचना पर घिरोर मार्ग पर दबिश देकर दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरो की निशानदेही पर चोरी की आठ बाइकें बरामद की है। पुलिस ने दोनो चोरो को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है।

एसपी ग्रामीण अभिषेक तिवारी ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में रात्रि गश्त व संदिग्धों की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार सुबह थानाध्यक्ष घिरोर अनुज चौहान को सूचना मिली कि वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो वाहन चोर घिरोर करहल मार्ग पर महाकाल ढाबा के पास देखे गए हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी की, दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। थाने लाकर पूछताछ करने पर उन्होने अपने नाम गुलफान खान निवासी नगला फक्कड़पुर थाना जसवंत नगर जनपद इटावा और असलम कुरैसी निवासी कटरा बिल्लो चांद थाना जसवंत नगर इटावा बताया। पूछताछ में वाहन चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की आठ बाइकें बरामद की। चोरों ने बताया कि बाइकें अलग-अलग जनपदों से चोरी की हैं।

### बाइकें बेचने की फिराक में आए थे

सीओ कुरावली सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वाहन चोरों ने बताया कि वह लोग आसपास के जनपदों से वाहन चोरी करते हैं। कुछ दिन रुकने के बाद वाहन एक स्थान पर इकट्ठा करने के बाद उनकी बिक्री कर देते हैं। कभी-कभी वाहनों के पार्ट्स भी अलग-अलग बिक्री करते हैं। जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा होता है। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार वाहन चोरों को न्यायालय में पेश किया गया, वहां से उन्हे जेल भेजा गया है।

# मोबाइल मांगने पर जातिसूचक गालियां देकर मारपीट

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कुरावली/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम चंदाई निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही कुछ लोगों पर जातिसूचक गालियां देने और लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम चंदाई निवासी पप्पू पुत्र मातादीन ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 13 जून को सुबह करीब 8 बजे वह अपना मोबाइल फोन वापस लेने गया था, जिसे उसने एक दिन पहले बातचीत के लिए दिया था। आरोप है कि मोबाइल मांगने पर सचिन, जितेंद्र तथा सुखराम पुत्रगण गजाधर ने उसे जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया और विरोध करने पर एकजुट होकर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शिकायत के अनुसार शोर सुनकर उसकी पत्नी कोकिला और बेटी रश्मि बचाने पहुंचीं, लेकिन आरोपितों ने उनके साथ भी अभद्रता और मारपीट की। घटना में पप्पू और उनकी पत्नी को चोटें आई हैं। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मैनपुरी के लोहिया पार्क का 4.32 करोड़ से होगा कायाकल्प

## लोहिया पार्क सहित अन्य कार्यों का पर्यटन मंत्री ने किया लोकार्पण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** लोहिया पार्क में आयोजित भव्य कार्यक्रम में 432.31 लाख रुपए से मैनपुरी के लोहिया पार्क, 116.25 लाख की लागत से भारत संचार निगम लिमिटेड ऑफिस के सामने आवास विकास स्थित पार्क, 140.06 लाख की लागत से सती माता मंदिर दौलतपुर एवं 103.07 लाख की लागत से प्राचीन श्री सिद्धेश्वर महाराज मंदिर टिंडौली के पर्यटन विकास, सौन्दर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास एवं 139.59 लाख की लागत से श्री नारदानंद ऋषि आश्रम के कार्यों का लोकार्पण पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने किया।

इस दौरान उन्होने कहा कि मैनपुरी ऋषि-मुनियों की तपोस्थली रही है, यहां स्थित धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को विकसित कर प्रदेश सरकार नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलती है, रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं और क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होती है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि सुशासन के साथ-साथ प्रदेश सरकार ने विकास के तीन प्रमुख आधार स्तंभों-कानून व्यवस्था, कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर विशेष ध्यान दिया है, आज उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे, हाईवे, आधुनिक रेलवे नेटवर्क और हवाई संपर्क के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।

जिलाध्यक्ष ममता राजपूत ने कहा कि लोहिया पार्क के विकास एवं सौंदर्यीकरण की परियोजना जनपदवासियों को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करेगी, आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोगों को ऐसे स्थानों की आवश्यकता है। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि लोहिया पार्क के विकास कार्यों के अंतर्गत पार्क को पूर्ण रूप से आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जाएगा, पार्क में ईपीडीएम फ्लोरिंग कराई जाएगी।

पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने कहा कि चौराहों पर लगी महापुरुषों की मूर्तियां जनपद को नई पहचान दिलाने का कार्य कर रही हैं। इस दौरान अध्यक्ष नगर पालिका संगीता गुप्ता, अनुजेश प्रताप सिंह, उदय चौहान, गौतम चौहान, विजेंद्र सिंह उर्फ भल्लू चौहान, धीरू राठौर, अमित गुप्ता, विशाल वाल्मीक, हरिओम द्विवेदी, मनोरमा सिंह, भूपेन्द्र यादव, परियोजना प्रबंधक संदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन मुकेश मणी कंचन ने किया।

# 2027 मे प्रदेश मे बसपा की सरकार बनना तय



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** शनिवार को आलीपुर खेडा के मुहल्ला अम्बेडकर नगर बसपा की सेक्टर बूथ स्तरीय बैठक मे गाँव चलो अभियान को और मजबूती के साथ चलाने का संकल्प लिया गया। शनिवार को आयोजित बैठक मे जॉन कोर्डिनेटर विक्रम सिंह ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर पूरी निष्ठा के साथ काम करें और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को फिर से उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना ही पार्टी कार्यकर्ताओं का मुख्य लक्ष्य है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और जंगलराज कायम है। विकास कार्य ठप पड़े हैं, जबकि बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक तंगी से आम जनता परेशान है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनीष सागर, दुर्गेश चन्द्र, सुरेंद्र सिंह यादव, दीपक पेंटर, हाकिम सिंह जाटव, अशोक कुमार, डॉ रत्न सिंह, ओपी कठेरिया, अजय प्रताप सिंह, सुनील कुमार शाक्य, राजेश सत्यार्थी, विनय राजपूत, मनोज कुमार, ओम प्रकाश, डॉ सुजीत कुमार, भानु प्रताप, नवलेश कुमार, मोनू, अमरेश कठेरिया आदि मौजूद रहे।

# मामूली विवाद मे युवक को पीटा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** मामूली कहासुनी को लेकर आरोपियो ने युवक को लाठी डन्डो से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के भोगांव मैनपुरी रोड पर पुष्पाजलि मैरिज होम के निकट रहने बाले जैकी पुत्र दिनेश विगत दिवस सांय लगभग रामलीला मैदान से घर लौट रहा था तभी गिहार कालौनी निवासी मिथुन, बहरा पुत्रगण कृपाल सिंह से किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर जैकी को लाठी डन्डो से मारपीट कर घायल कर दिया।

# शौच करने गई महिला रहस्यमय ढंग से गायब

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** शौच क्रिया करने गई महिला रहस्यमय ढग से गायब हो गई। घटना की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना दन्नाहार क्षेत्र के ग्राम सकनी दिलीपपुर निवासी विपिन कुमार पुत्र राजपाल विगत 17 जून को अपनी पत्नी को बुलाने के लिये थाना क्षेत्र के ग्राम अरमसराय मे स्थित अपनी ससुराल आया था प्रात: उसकी पत्नी सुहागा देवी शौच क्रिया करने खेतो की तरफ गई थी किन्तु काफी समय बीत जाने के बाद भी लौटकर नही आई जिस पर परिजनो को चिन्ता हुई और उसकी खोजवीन शुरू हुई किन्तु उसका कोई पता नही चल सका। पुलिस ने घटना की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तीन घण्टे ठप्प रहेगी विधुत आपूर्ति

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** बिजली लाइनों के सुदृढ़ीकरण और आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते आज विधुत उपकेन्द्र क्षेत्र की बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुये विधुत उपखण्ड अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाली 33 केवी विद्युत लाइन के सुदृढ़ीकरण के कारण रविवार को दोपहर 12 बजे से लेकर अपरान्ह 3 बजे तक विधुत आपूर्ति बन्द रहेगी।

# सुदिती ग्लोबल एकेडमी की छात्रा ने जीता स्वर्ण पदक

## विद्यालय ही मैनपुरी का नाम किया रोशन, हर्ष का माहौल

श्रीकान्त शाक्य



**मैनपुरी।** जनपद के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि सुदिती ग्लोबल एकेडमी की छात्रा समिष्ठा गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतिष्ठित 29वीं एचएम सीरवाई संवैधानिक कानून निबंध प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करके अपने परिवार ही नही विश्वविद्यालय, बल्कि अपने विद्यालय तथा पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। प्रतिष्ठित प्रतियोगिता देश के अग्रणी विधि संस्थान नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु में आयोजित की गई थी।

बता दें कि समिष्ठा गुप्ता सुदिती ग्लोबल एकेडमी में कक्षा 12 की नियमित छात्रा रही हैं। विद्यालय में अध्ययन के दौरान उन्होंने शैक्षणिक, साहित्यिक एवं बौद्धिक गतिविधियों में सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अपनी प्रतिभा, अनुशासन, लगन और मेहनत के बल पर उन्होंने विद्यालय में एक मेधावी छात्रा के रूप में पहचान बनाई। विद्यालय से शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत उन्होंने हाल ही में देश के प्रतिष्ठित विधि संस्थान नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली में प्रवेश प्राप्त किया, जहां वह विधि की शिक्षा ग्रहण करेंगी। प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन ने समिष्ठा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि पूरे सुदिती परिवार के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि समिष्ठा ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत ईमानदारी से की जाए और शिक्षा के प्रति समर्पण बना रहे तो राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि समिष्ठा की सफलता वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और उन्हें बड़े सपने देखने तथा उन्हें साकार करने का साहस देगी। प्रशासनिक प्रधानाचार्य डॉ. कुसुम मोहन ने कहा कि समिष्ठा ने विद्यालय में रहते हुए उन्होंने हमेशा सीखने की उत्सुकता और उत्कृष्टता की भावना का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। प्रबंध निदेशक डॉ. लव मोहन ने कहा कि समिष्ठा की सफलता मैनपुरी के युवाओं के लिए प्रेरणा का विषय है। समिष्ठा की उपलब्धि पर विद्यालय की एकेडमिक प्रधानाचार्य सुप्रिया शर्मा, उपप्रधानाचार्य जय शंकर तिवारी, समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं, पूर्व छात्रों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# महिला उत्पीड़न की शिकायतों पर निष्पक्ष जांच करें अधिकारी

## जन शिकायतें सुनने के दौरान पर्यटन मंत्री ने अधिकारियों को दिए आदेश

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** शनिवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने जन-शिकायतें सुनने के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि आज जन-सुनवाई के दौरान महिला उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना के संबंध में जो भी शिकायती प्रार्थना पत्र मिले हैं उनकी निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करें, महिलाओं-बालिकाओं का शोषण किसी भी स्तर पर न हो, महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निपटाया जाए।

पर्यटन मंत्री ने विद्युत आपूर्ति, विद्युत बिल सुधार, तार-पोल जर्जर, ढीले होने से संबंधित शिकायतों पर विद्युत विभाग के अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से बिजली की कटौती न की जाए, जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जहां भी तार, पोल ढीले, क्षतिग्रस्त है, उन्हें प्राथमिकता पर ठीक कराया जाए। उन्होंने दिव्यांग, वृद्धावस्था, निराश्रित महिला पेंशन, आवास योजना का लाभ पाने से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों पर कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की संचालित जन-कल्याणकारी योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे, प्रत्येक आवासहीन व्यक्ति को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना में लाभान्वित किया जाए, गरीब परिवारों की बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य समारोह में कराई जाए। जन-सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अशोक कुमार, प्र. निरीक्षक कोतवाली फतेह बहादुर भदौरिया के अलावा जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, पैक्सफेड चेयरमैन प्रेमसिंह शाक्य, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त भदौरिया, उदय चौहान, अर्जुन चौहान, प्रवेश शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में पहुंचे दिव्यांग की शिकायत का लिया संज्ञान

## एसडीएम ने राजस्वकर्मियों को दिए शिकयत निस्तारण के निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कुरावली/मैनपुरी।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस के दौरान एक दिव्यांग किसान अपनी जमीन संबंधी शिकायत लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने उनकी समस्या सुनकर संबंधित राजस्व कर्मियों को मौके पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

क्षेत्र के गांव बीकापुर निवासी 70 वर्षीय दीनानाथ, जो शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं और चलने-फिरने में असमर्थ हैं, ने अधिकारियों को बताया कि उनकी कृषि भूमि मौजा सुजरई के गाटा संख्या 660 में स्थित है। उनका कहना था कि हाल ही में उनके खेत से सटी भूमि की पैमाइश की गई थी, जिसके कारण उनकी जमीन का कुछ हिस्सा दूसरे खेत में शामिल होने की आशंका है। समाधान दिवस में पहुंचने पर प्रभारी तहसीलदार अखिल गोयल की नजर दीनानाथ पर पड़ी। उन्होंने तत्काल उनके बैठने की व्यवस्था कराई और स्वयं उनकी शिकायत सुनी। इसके बाद मामले की जानकारी उप जिलाधिकारी शिव नरेश सिंह को दी गई। उप जिलाधिकारी ने शिकायत को प्राथमिकता देते हुए कानूनगो बसंत दुबे को मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण करने तथा निष्पक्ष जांच के बाद उचित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

दिव्यांग किसान के प्रति अधिकारियों की संवेदनशीलता और तत्परता की लोगों ने सराहना की।

# आटा पिसाई के विवाद में पूर्व प्रधान ने झोंका फायर

## भीड़ ने पकड़कर सबक सिखाने के बाद पुलिस को सौंपा, जेल भेजा गया

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** बेवर थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर में शुक्रवार को चक्की पर आटा पिसाने को लेकर हुए विवाद में पूर्व प्रधान ने लाइसेंसी राइफल से फायर झोंक दिया। गोली चलने की आवाज सुन कर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। मौके से राइफल सहित पूर्व प्रधान को पकड़ने के बाद पिटाई कर दी, सूचना पर पहुंची पुलिस के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार पूर्व प्रधान को जेल भेजा गया है।

बेवर थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी पूर्व प्रधान कावेंद्र उर्फ बंटू गांव में आटा चक्की लगाए हुए हैं। शुक्रवार को दुकान पर गांव रबारेमऊ निवासी भूरे आटा पिसाने के लिए आए हुए थे। पिसाई के बाद आटा तौलते समय कद्दा काटने की बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। झगड़े के दौरान कावेंद्र उर्फ बंटू प्रधान अपनी लाइसेंसी राइफल ले आया और भूरे को जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। हमले में भूरे बच गया, उधर गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए। हमलावर पूर्व प्रधान को मौके से पकड़ कर कुछ लोगों ने हाथापाई कर दी। राइफल सहित पूर्व प्रधान को पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधान के विरुद्ध जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वारदात में प्रयुक्त राइफल भी बरामद हुई है। शनिवार को गिरफ्तार पूर्व प्रधान को न्यायालय में पेश किया गया। वहां से जेल भेजा गया है।

# फर्जी दस्तावेजों के जरिए ग्रामसभा की 50 एकड़ भूमि पर कब्जा

## शिकायत पर डीएम सख्त, छह सदस्यीय जांच समिति की गठित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** जन-सुनवाई के दौरान तहसील करहल के ग्राम गम्भीरा निवासी अंकित कुमार द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने ग्रामसभा एवं सुरक्षित श्रेणी की भूमि पर कथित फर्जी प्रविष्टियां कर कब्जा किए जाने के गंभीर प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं, शिकायतकर्ता ने लिखित शिकायत में बताया कि ग्राम कनकपुर स्थित गाटा संख्या-08, 91, 102 की लगभग 50 एकड़ से अधिक भूमि पर कथित रूप से नीता कुमारी, ज्ञानेश चन्द्र एवं कमलेश द्वारा खतौनी 1390 लगायत 1395 फसली पर फर्जी आदेश अंकित कराकर अपना नाम दर्ज करा लिया है, सुरक्षित श्रेणी के गाटा संख्या-91, जो चकमार्ग के रूप में दर्ज है, तथा खाद के गड्ढों हेतु आरक्षित गाटा संख्या-4 पर भी रनवीर सिंह सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से फर्जी आदेशों के आधार पर अवैध एवं अनियमित रूप से कब्जा किए जाने की शिकायत की।

इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में उप जिलाधिकारी करहल, डिप्टी कलेक्टर ध्रुव शुक्ला, एसओसी चकबंदी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण खंड तृतीय, उप निबन्धक करहल की 06 सदस्यीय जांच समिति गठित कर पूरे मामले की गहन जांच कर 15 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि उपलब्ध अभिलेखों के प्रारंभिक परीक्षण में तहसील करहल के ग्राम कनकपुर में स्थित ग्राम सभा की लगभग 50 एकड़ से अधिक भूमि पर फर्जी प्रविष्टियां कराकर कब्जा किए जाने का प्रथम दृष्टया संदेह प्रतीत हो रहा है, इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष एवं तथयात्मक जांच कराई जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यदि शिकायत सही पाई जाती है तो अवैध रूप से भूमि पर कब्जा करने वाले व्यक्तियों तथा अनाधिकृत एवं फर्जी प्रविष्टियां दर्ज कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही ग्राम सभा एवं सुरक्षित श्रेणी की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की आवश्यक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होने कहा कि अनाधिकृत रूप से नाम दर्ज कराकर उक्त भूमि पर प्लाटिंग की जा रही है साथ ही कुछ भूमि का बैनामा नेशनल हाईवे में कर लगभग 23 लाख रुपए की धनराशि अवैध तरीके से हासिल की गयी है।

जिलाधिकारी ने उप निबन्धक करहल को निर्देशित किया है कि उक्त गाटा संख्याओं में से किसी भी गाटे की भूमि का बैनामा बिना जिला प्रशासन की अनुमति के न किया जाये। उन्होने कहा कि सार्वजनिक एवं ग्राम समाज की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा अभिलेखों में हेरा-फेरी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# गाली गलौच करके महिला के साथ कर दी मारपीट

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कुरावली/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला उसर निवासी एक महिला ने गांव के ही चार लोगों पर गाली-गलौज करने सहित मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला उसर निवासी सुषमा देवी पत्नी राकेश सिंह के अनुसार गांव के ही संतोष, आनंद, संगीता और सीता ने उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके पति राकेश सिंह तथा पुत्र रामलखन सिंह के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपितों ने थाना जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना 16 जून की शाम करीब 6 बजे की बताई गई है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में अपनी और परिजनों की चिकित्सीय जांच कराकर रिपोर्ट दर्ज करने तथा आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भोगांव के दो केंद्रो पर आज होगी नीट यूजी परीक्षा

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न होगी परीक्षा, सीआरपीएफ और पुलिस संभालेगी सुरक्षा



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) रविवार को नगर के दो केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित होगी। परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए केंद्रों पर सीआरपीएफ के जवानों की तैनाती की गई है। प्रशासन ने परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। रविवार को होने बाली परीक्षा को लेकर एसपी सिटी अरूण कुमार, अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनन्द, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण द्विवेदी, थाना प्रभारी निरीक्षक महाराज सिंह भाटी ने पुलिस बल के साथ परीक्षा केन्द्र बनाये गये नगर के नेशनल महाविधालय एवं जवाहर नवोदय विधालय मे पहुंचकर निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। नेशनल महाविधालय के केन्द्र व्यवस्थापक एसके निमेष ने बताया कि परीक्षा को लेकर विधालय मे सभी तैयारियो को पूरा कर लिया गया है उन्होने कहा कि इस बार परीक्षार्थियो को वायोमैट्रिक के अलावा मैटल डिटैक्टर से होकर गुजरना पडेगा। उन्होने बताया कि परीक्षार्थी प्रातः 11 बजे से डेढ बजे तक प्रवेश कर सकेगे उसके बाद किसी को प्रवेश नही दिया जायेगा।

## श्री रामलीला कमेटी अध्यक्ष पद के लिए बढ़ी दावेदारों की संख्या

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** श्री रामलीला कमेटी कासगंज के वर्ष 2026-27 के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर दावेदारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शनिवार को दो और उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र चुनाव अधिकारियों को सौंप दिए। इससे पहले एक प्रत्याशी पहले ही आवेदन जमा कर चुका था। अब तक अध्यक्ष पद के लिए कुल तीन नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। शनिवार को गोपाल मराठा और अमरीश वशिष्ठ ने नदरई गेट स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठान पर चुनाव अधिकारी अखिलेश अग्रवाल सर्राफ एवं गोपाल माहेश्वरी को विधिवत अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी योगेश गौड़, अखिलेश अग्रवाल सर्राफ और गोपाल माहेश्वरी ने बताया कि कमेटी के निर्णय के अनुसार केवल वही सदस्य अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कर सकते हैं, जिनकी आयु 30 जून 2026 तक 35 वर्ष या उससे अधिक हो। उन्होंने बताया कि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून 2026 निर्धारित की गई है, जबकि अध्यक्ष पद के लिए मतदान 30 जून 2026 को गंगा देवी धर्मशाला, कासगंज में कराया जाएगा। इससे पहले अमित वार्ष्णेय भी अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान अनिल अग्रवाल सर्राफ, दिनेश अग्रवाल, मनोज सिंघल, सौरभ सिंघल, रिंकू अग्रवाल, अखलेश, कृष्ण मुरारी दरगढ़, टोनी बिंदल, अशोक गौड़, संभव जैन, गौरव पाल, चंद्रशेखर माहेश्वरी, आदित्य गुप्ता, आकाश गोयल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक वारंटी गिरफ्तार

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** शहर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से एक वारंटी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारंटी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि शनिवार को कोतवाली पुलिस ने वारंटी शंकर पुत्र चन्द्रीराम निवासी अहरौली कासगंज को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 22 व 23 जून को रहेगा जनपद भ्रमण कार्यक्रम

**मोर्निंग सिटी संवाददाता अलीगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिनांक 22 व 23 जून को अलीगढ़ भ्रमण पर रहेंगे, इस दौरान वह जनपद में रात्रि प्रवास भी करेंगे।प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार मा0 मुख्यमंत्री जी अपराह्न 01 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा आईटीएम कॉलेज करसुआ पहुँचेंगे। मा0 मुख्यमंत्री जी 01:30 बजे से 02:00 बजे तक राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण करेंगे। 2:10 बजे आईटीएम हैलीकाप्टर से 2:20 बजे एएमयू विश्वविद्यालय पहुँचकर 2:30 बजे 3:30 बजे तक कलैक्ट्रेट सभागार में अलीगढ़ मण्डल के लोक निर्माण विभाग के पुराने कार्यों की एवं नए कार्यों की कार्ययोजना के संबंध में बैठक करेंगे। मा0 मुख्यमंत्री जी 3:40 बजे से 4:25 बजे तक जनपदीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। तदोपरांत 4:30 बजे से 05:30 बजे तक राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी कार्यक्रम स्थल पर अलीगढ़ सदर व कोल विधान सभाओं एवं नगर निगम के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास और जनसभा को संबोधित करेंगे। 5:45 बजे सर्किट हाउस पहुँचकर रात्रि विश्राम के उपरांत 23 जून को प्रातः एएमयू हैलीपैड पहुँचकर वायु मार्ग से हाथरस के लिए प्रस्थान करेंगे।

## हरियाली बढ़ाने के लिए लगाए पौधे

शहर को हरित बनाने के उद्देश्य से महेशपुर बाईपास स्थित स्थल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधों को गोद लेकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि स्वच्छता में श्रमदान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की है। जनभागीदारी से ही अलीगढ़ को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।कोल विधायक अनिल पाराशर ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन से पहले शुरू किया गया यह अभियान सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति लोगों की सोच में बदलाव आ रहा है और हर नागरिक को इसमें सहयोग करना चाहिए।नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि 72 घंटे का यह अभियान शुरूआत है। नगर निगम सभी 90 वार्डों में पार्षदों के सहयोग और जनभागीदारी से स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।अभियान में बड़ी संख्या में पार्षद, नगर निगम अधिकारी, सफाई कर्मचारी, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और शहर के नागरिक शामिल हुए। लोगों ने संकल्प लिया कि वे अलीगढ़ को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, तपस्या यादव, कर निर्धारण अधिकारी आशीष सेठ, प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी रामानंद त्यागी सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर पुलिस लाइन गुरुद्वारे में हुआ धार्मिक आयोजन



**मोर्निंग सिटी संवाददाता अलीगढ़।** सिख धर्म के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित गुरुद्वारा में श्रद्धा और आस्था के साथ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने शामिल होकर गुरु जी के बलिदान को नमन किया और संगत के साथ अरदास में भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। संगत ने गुरु अर्जुन देव जी के जीवन, उनके त्याग और मानवता के लिए किए गए कार्यों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि गुरु जी ने सत्य, सेवा, समानता और धर्म की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।एसएसपी ने गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका और समाज में शांति, भाईचारे एवं सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी का जीवन हमें कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और मानव सेवा का मार्ग दिखाता है।कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की ओर से धार्मिक पाठ और अन्य आयोजन किए गए। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ गुरु जी को याद किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का समापन अरदास के साथ किया गया। इसके बाद संगत ने प्रसाद ग्रहण किया और एक-दूसरे को शहीदी दिवस की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, जनपद के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को भी बेहतर बनाए रखा। आयोजन शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## ह्यह्यसुरेंद्र सिंह दिलेरह्यह्य विधायक से राज्यमंत्री तक का सफर, जनसेवा के संकल्प ने दिलाई नई पहचान



**मोर्निंग सिटी संवाददाता अलीगढ़।** राजनीति में अपनी मेहनत, संघर्ष और जनता से सीधे जुड़ाव के दम पर अपनी अलग पहचान बनाने वाले सुरेंद्र सिंह दिलेर ने विधायक से लेकर राज्यमंत्री तक का सफर तय किया है। उनका राजनीतिक सफर केवल पदों की उपलब्धि नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के साथ लगातार संवाद, संगठन के प्रति निष्ठा और जनसेवा की भावना की कहानी है।सुरेंद्र सिंह दिलेर ने राजनीति को हमेशा सेवा का माध्यम माना। शुरूआती दौर से ही उन्होंने आम लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझा और उनके समाधान के लिए आवाज उठाई। गांवों से लेकर शहर तक लोगों से संपर्क बनाए रखने और हर वर्ग की समस्याओं को प्राथमिकता देने की उनकी कार्यशैली ने उन्हें जनता के बीच मजबूत पहचान दिलाई। क्षेत्र की जनता ने उनके काम और सक्रियता पर भरोसा जताते हुए उन्हें विधानसभा तक पहुंचाया। विधायक बनने के बाद सुरेंद्र सिंह दिलेर ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और विकास कार्यों को लेकर उन्होंने लगातार प्रयास किए।विधानसभा में भी उन्होंने अपने क्षेत्र की आवाज को मजबूती से रखा। उनका प्रयास रहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने जनप्रतिनिधि के रूप में जनता और प्रशासन के बीच एक मजबूत कड़ी की भूमिका निभाई। सुरेंद्र सिंह दिलेर की खासियत रही कि उन्होंने राजनीति को केवल चुनाव तक सीमित नहीं रखा। वह लगातार क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचते रहे और उनकी समस्याएं सुनते रहे। जनसंपर्क और संवाद की इसी शैली ने उन्हें लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया।स्थानीय लोगों का कहना है कि वह हमेशा कार्यकर्ताओं और आम जनता के लिए उपलब्ध रहे। यही वजह रही कि उनका राजनीतिक आधार लगातार मजबूत होता गया। राजनीतिक सफर के दौरान सुरेंद्र सिंह दिलेर ने संगठन को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल और संगठनात्मक क्षमता के चलते उन्हें नेतृत्व का विश्वास मिला।उनकी मेहनत, अनुभव और जनता के बीच पकड़ को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी और उन्हें राज्यमंत्री बनाया गया। राज्यमंत्री बनने की घोषणा के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। समर्थकों और क्षेत्रवासियों ने इसे पूरे अलीगढ़ क्षेत्र के लिए सम्मान की बात बताया। लोगों का मानना है कि उनके मंत्री बनने से क्षेत्र की समस्याओं को शासन स्तर पर और मजबूती से उठाने का अवसर मिलेगा।राज्यमंत्री की जिम्मेदारी मिलने के बाद सुरेंद्र सिंह दिलेर ने विकास कार्यों को गति देने और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने पर जोर दिया। उनका कहना है कि पद मिलने के बाद जिम्मेदारी और बढ़ जाती है और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## अज्ञात की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

### सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को लिया कब्जे में, भेजा पोस्टमार्टम




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** जनपद कासगंज की सदर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि मृतक का नाम 20 वर्षीय निखिल पुत्र हर दयाल था, जोकि कासगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव डुकरिया नगला का रहने वाला था। परिजनों के अनुसार निखिल आज सुबह बाइक द्वारा अपने खेत पर खाना देने गया हुआ था, जब वह गांव वापस आ रहा था तभी क्षेत्र के गांव कांतौर के समीप सामने से आ रहे अनियंत्रित अज्ञात ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे हादसे निखिल गंभीर रूप से घायल हो गया, मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल निखिल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की मौत की खबर सुनकर उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

## हजारा नहर में मिले शव निकले कासगंज की नई हवेली के संदीप व देव







### बीते गुरुवार को घर से दवा लेने के लिए निकले थे दोनों लोग

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** जनपद कासगंज के थाना ढोलना क्षेत्र स्थित हजारा नहर में बीते दिवस मिले दो बच्चों के शवों की शिनाख्त कासगंज के सहावर गेट के रहने वाले संदीप व देव के रूप में हुई है, वही बच्चों की मौत की खबर सुन उनके घरों में कोहराम मचा हुआ है।

आपको बता दें की थाना ढोलना कोतवाली पुलिस को बीते दिवस सूचना मिली थी कि क्षेत्र के हजारा नहर में दो बच्चों के शव पड़े हुए हैं, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जगदीश चंद्र राजपूत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस ने दोनों शवों को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और बच्चों की शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन बच्चों की शिनाख्त नहीं हो सकी, जिसपर पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम ग्रह में सुरक्षित रखवा दिया और शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। शनिवार की सुबह बच्चों की शिनाख्त 20 वर्षीय संदीप पुत्र सुंदर व 10 वर्षीय देव पुत्र अरविंद लोधी निवासीगण नई हवेली सहावर गेट कोतवाली कासगंज के रूप में उनके परिजनों ने की, वहीं परिजनों ने बताया कि दोनों लोग गुरुवार की सुबह घर से दवा लेने के लिए निकले थे, जब देर रात तक दोनों घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश की लेकिन उनका कुछ पता नहीं लग सका, तो परिजनों ने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को लिखित रूप से दी, शनिवार की सुबह उन्हें सोशल मीडिया का जरिए दोनों की मौत की जानकारी मिली। वहीं दोनों लोगों की मौत की खबर सुन सुनकर उनके घरों में कोहराम मचा हुआ है।

## 134 वाहन चालकों पर अधिरोपित किया 4.28 लाख रुपये का शमन शुल्क

### अधिक आवाज पर 19 वाहन, मॉडिफाइड साइलेंसर पर दो वाहनों पर कार्रवाई

### यातायात पुलिस ने दो दिन के लिए शनिवार से शुरू किया है विशेष चेकिंग अभियान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** जनपद में यातायात पुलिस ने शनिवार से दो दिन के लिए विशेष चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को जहां-तहां पुलिस ने चेकिंग कर कुल 134 वाहनों के चालान कर चालकों पर 4.28 लाख रुपये का ऑनलाइन शमन शुल्क अधिरोपित किया। इसके अलावा अधिक आवाज पर 19 वाहन व मॉडीफाइड साइलेंसर पर दो वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि दो दिवसीय विशेष अभियान के पहले दिन शनिवार को उन्होंने टीम के साथ सौरव ढाबा, मालगोदाम चैराहा, बिलराम गेट चैराहा पर चेकिंग की। इस दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वालों, मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर लगे, बिना एचएसआरपी, अवयस्कों द्वारा चलाने वाले वाहनों को रोका गया। इस दौरान डेसीबल मीटर से 80 डेसीबल से अधिक आवाज कर रहे 19 वाहन, दो वाहन चालकों के वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर मिलने पर कार्रवाई की गई। पांच ट्रकों से प्रेशर हार्न उतरवाकर जब्त किए गए। यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी, गलत दिशा में वाहन चलाने, बिना फिटनेस वाहन चलाने, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, मालवाहक वाहन में सवारियों को ले जाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक वाहन सीज किया। कुल 134 वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर चालान किए गए, जिसमें ऑनलाइन शमन शुल्क 4,28,000 रुपये अधिरोपित किया गया।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में नए पदाधिकारियों का मनोनयन

### नव नियुक्त व्यापारियों को दिलाई गई निष्ठा एवं पद की शपथ

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** शहर के ठंडी सड़क क्षेत्र में आयोजित भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यक्रम में संगठन से जुड़े नए व्यापारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नव मनोनीत पदाधिकारियों को उनके पद की गरिमा, संगठन के प्रति निष्ठा तथा नैतिक दायित्वों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी एवं संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता ने संगठन की मजबूती और व्यापारियों की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि संगठित प्रयासों से ही व्यापारियों के हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा की जा सकती है। इस दौरान दर्जनभर से अधिक कारोबारियों को संगठन की सदस्यता प्रदान की गई। जिला उपाध्यक्ष पद पर डॉ. शरीफ अहमद, सतीश चंद्र माहेश्वरी, मतीन अंसारी और मोहम्मद शाकिर अंसारी को मनोनीत किया गया। वहीं जिला संगठन मंत्री के रूप में इमरान खान, नौशीद खान, नदीम अहमद शाही और चैधरी मंजूर हसन सहित अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अश्वनी चतुवेर्दी ने किया। उन्होंने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने तथा अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर तारिक सिद्दीकी, शिवम वर्मा, बबलू गुप्ता, अशोक डांगरा, पंडित कमला प्रसाद, प्रदीप कावरा, कृष्ण मुरारी दरगढ़,

रोहित अग्रवाल, नवीन वर्मा, मनीत गुप्ता, नीरज सर्राफ, ललित बिड़ला, मुकरान अंसारी, उमेश यादव, शानू अहमद, अलताश अहमद और जुवेकर अहमद समेत अनेक गणमान्य व्यापारी मौजूद रहे।

## मिलावटखोरों की नींद उड़ाने वाला अधिकारी अब प्रयागराज में, अलीगढ़ को छोड़ गया यादगार कार्यकाल

### पनीर से लेकर दूध तक की जांच, औचक छापों से खाद्य सुरक्षा को दी नई धार

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य दीनानाथ यादव का प्रयागराज स्थानांतरण केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि अलीगढ़ के लिए एक ऐसे अधिकारी की विदाई है जिसने अपने कार्यकाल में खाद्य सुरक्षा को जनचर्चा का विषय बना दिया। दो वर्षों तक जनपद में सेवाएं देने वाले दीनानाथ यादव ने शुक्रवार को प्रयागराज में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने मिलावटखोरों और खाद्य मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त रुख अपनाया। पनीर, खोया, दूध, घी और अन्य खाद्य पदार्थों की नियमित सैंपलिंग, डेयरियों पर छापेमारी, मिठाई प्रतिष्ठानों की जांच और खाद्य कारोबारियों के औचक निरीक्षण उनकी कार्यशैली की पहचान बन गए थे। त्योहारों के मौसम में उनके नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बेहद प्रभावी साबित हुए। दीनानाथ यादव की पहचान केवल एक कुशल प्रशासक के रूप में ही नहीं रही, बल्कि एक ऐसे अधिकारी के रूप में भी बनी जो आमजन, व्यापारियों और विभागीय कर्मचारियों से समान आत्मीयता के साथ संवाद करते थे। चेहरे पर गंभीरता होने के बावजूद वे सदैव मुस्कुराकर लोगों से मिलते और समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते थे।उन्होंने विभागीय टीम को साथ लेकर काम करने की संस्कृति विकसित की और खाद्य सुरक्षा कानूनों के प्रभावी अनुपालन के साथ जनजागरूकता पर भी विशेष बल दिया। उनके नेतृत्व में अलीगढ़ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की सक्रियता और विश्वसनीयता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।आज जब वे प्रयागराज में नई जिम्मेदारी संभाल चुके हैं, तब अलीगढ़ के प्रशासनिक, सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में उनसे जुड़े लोग उनके कार्यों को याद कर रहे हैं। जनपदवासियों को विश्वास है कि जिस निष्ठा, पारदर्शिता और जनहित की भावना के साथ उन्होंने अलीगढ़ में कार्य किया, उसी समर्पण के साथ वे प्रयागराज में भी नई सफलताओं की इबारत लिखेंगे। उनके द्वारा स्थापित कार्यसंस्कृति और उपलब्धियां लंबे समय तक अलीगढ़ की स्मृतियों में बनी रहेंगी।

## स्वच्छता में श्रमदान के लिए उमड़ा जनसैलाब

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**अलीगढ़।** स्वच्छ, सुंदर और हरित अलीगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए नगर निगम की ओर से शुरू किए गए 72 घंटे के स्वच्छता में श्रमदान अभियान में शनिवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने एकजुट होकर श्रमदान किया और शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से क्वार्सी चैराहे के निकट महेशपुर बाईपास, सर्किट हाउस के सामने किया गया। कार्यक्रम में महापौर प्रशांत सिंघल, कोल विधायक अनिल पाराशर और नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर अभियान की शुरूआत की।इस दौरान जनजागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। हस्ताक्षर बोर्ड पर महापौर प्रशांत सिंघल ने ष्क्लीन अलीगढ़-ग्रीन अलीगढ़ष्, विधायक अनिल पाराशर ने ष्स्वच्छता में जन सहभागिता को सफल बनाएं, स्वच्छ अलीगढ़-स्वस्थ अलीगढ़ का सपना साकार करेंष् और नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने ष्स्वच्छता में श्रमदान है अलीगढ़ की पहचानष् लिखकर शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया।इसके बाद महापौर, विधायक और नगर आयुक्त ने स्वयं सफाई अभियान में भाग लिया। नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों, सफाई मित्रों, पार्षदों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर क्षेत्र में सफाई की गई।

## गांव में उद्योग लगाइए, आत्मनिर्भर बनिएरू खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ने दी योजनाओं की जानकारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार और युवाओं, महिलाओं एवं जीरो पॉवर्टी लाइन के अंतर्गत चिन्हित परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शनिवार को तहसील गभाना सभागार में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विपणन विकास सहायता योजना के अंतर्गत किया गया।शिविर का शुभारंभ उपजिलाधिकारी गभाना हरिश्चन्द्र ने किया। उन्होंने उपस्थित युवाओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि युवा अपने गांव में ही उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं और अन्य बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।तहसीलदार कृष्ण गोपाल, खण्ड विकास अधिकारी जवां अरविन्द कुमार, एसओ रेखा गोस्वामी, राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार भारती, डीएलएसए के प्रतिनिधि राजा भानु, बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक सत्यदेव, राजस्व निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार एवं जिला समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि रमेश चन्द्र ने भी विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों से अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य ने उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि स्वरोजगार एवं शिक्षा के समन्वय से युवा अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं।कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्रीमती संजीदा बेगम ने खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, उद्यमिता विकास एवं आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण युवाओं का शहरों की ओर होने वाला पलायन भी रोका जा सकता है। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से किया गया और योजनाओं के आवेदन, पात्रता एवं लाभ से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के प्रधान सहायक संतोष कुमार शर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर शुभम कुमार एवं गजेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्रीमती संजीदा बेगम ने सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए जागरूकता शिविर का समापन किया।

## अलीगढ़ में बढ़ रहा डग्गेमार निजी बसों का जाल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** शहर और देहात क्षेत्रों में निजी बसों की डग्गेमारी लगातार बढ़ती जा रही है। बिना मानक पूरे किए और कई बार परमिट नियमों की अनदेखी कर दौड़ रही इन बसों में सफर करना यात्रियों के लिए खतरे से खाली नहीं है। परिवहन विभाग की कार्रवाई के बावजूद डग्गेमार बस संचालकों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।अलीगढ़ से आसपास के जिलों और प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में निजी बसें संचालित हो रही हैं। इनमें कई बसें ऐसी हैं जो निर्धारित रूट और परमिट की शर्तों का पालन नहीं करतीं। यात्रियों को जल्दी पहुंचाने और ज्यादा सवारियां भरने के चक्कर में चालक क्षमता से अधिक लोगों को बैठा लेते हैं। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर निजी बस चालक सड़क किनारे खड़े होकर सवारियां भरते दिखाई देते हैं। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हादसों का खतरा भी बना रहता है।यात्रियों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें इन बसों का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन कई बार बसों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी देखने को मिलती है। न तो सभी वाहनों में जरूरी दस्तावेज स्पष्ट होते हैं और न ही यात्रियों की सुरक्षा के इंतजाम। परिवहन विभाग समय-समय पर डग्गेमार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर चालान और सीज की कार्रवाई करता है, लेकिन कुछ दिनों बाद वही वाहन फिर सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं। इससे विभागीय कार्रवाई पर भी सवाल उठते हैं।सूत्रों के अनुसार कई निजी बस संचालक स्थानीय स्तर पर प्रभाव के चलते नियमों को नजरअंदाज करते हैं। वहीं यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के बीच बेहतर समन्वय नहीं होने का फायदा भी ऐसे संचालक उठाते हैं। डग्गेमार बसों के संचालन से सबसे बड़ा खतरा यात्रियों की सुरक्षा को लेकर है। ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार और फिटनेस की कमी वाले वाहन कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।शहरवासियों ने मांग की है कि परिवहन विभाग नियमित अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित बसों पर रोक लगाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।अब देखना होगा कि यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार विभाग कब तक इन डग्गेमार बसों पर प्रभावी अंकुश लगा पाता है।

## दर्जनभर दबंगों ने युवक को बीच सड़क घेरकर बेल्टों से पीटा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** थाना रोरावर क्षेत्र में दबंगों की खुलेआम गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। नेशनल हाईवे रिंग रोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास देर रात दर्जनभर लोगों ने एक युवक को घेर लिया और बीच सड़क बेल्टों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कई युवक एक व्यक्ति को चारों तरफ से घेरकर उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। हमलावरों के हाथों में बेल्ट दिखाई दे रही हैं और वह युवक पर लगातार वार करते नजर आ रहे हैं।इस दौरान सड़क से गुजर रहे कुछ स्थानीय लोगों ने युवक को बचाने का प्रयास किया, लेकिन दबंगों के डर के कारण कोई ज्यादा विरोध नहीं कर सका। काफी देर तक चले हंगामे के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।बताया जा रहा है कि मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में चोट लगने से खून निकलने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।घटना का वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में चर्चा तेज हो गई। लोगों का कहना है कि जिस तरह से बीच सड़क युवक की पिटाई की गई, उससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।सूचना मिलने पर थाना रोरावर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने वायरल वीडियो को कब्जे में लेकर उसमें दिखाई दे रहे आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मारपीट में शामिल लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसे दबंगों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह खुलेआम कानून हाथ में लेने की हिम्मत न कर सके।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मारपीट के पीछे के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है।

स्वामी मोर्निंग सिटी मल्टीमीडिया प्रा.लि. मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), पुरराज प्रिंट एंड पैकिंग प्रा. लि., ई - 19 सेक्टर 6 नोएडा , गौतमबुद्धनगर से छपवाकर शॉप न. - 307 , 308 एल्फा - 1 नीलकंठ प्लाजा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की सकती है। ई-मेल-morningcityinput@gmail.com।

# सासनी में जल्द मिलेगी जाम से मुक्ति, सर्विस रोड का निर्माण शुरू

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** नगर में आए दिन लगने वाले भीषण जाम की समस्या से स्थानीय निवासियों और राहगीरों को जल्द ही निजात मिलने वाली है। नगर पंचायत सासनी की ओर से यातायात को सुगम बनाने के लिए सर्विस रोड का निर्माण कार्य युद्ध स्तर से शुरू करा दिया गया है। निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही या घटिया सामग्री का इस्तेमाल न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव कुमार वार्ष्णेय ने खुद कमान संभाल ली है। शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव कुमार वार्ष्णेय ने निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हो रहे कार्य की गुणवत्ता को बारीकी से परखा। निरीक्षण के समय उन्होंने पाया कि कुछ जगहों पर कार्य में और सुधार की आवश्यकता है, जिस पर उन्होंने तत्काल नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। अगर निर्माण कार्य में कोई कमी पाई गई, तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाई की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिया कि पूरा निर्माण कार्य शासन द्वारा तय किए गए मानकों के अनुरूप ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का ही प्रयोग किया जाए, ताकि सड़क लंबे समय तक मजबूत रहे और जनता को बार-बार होने वाली परेशानी से बचाया जा सके। गौरतलब है कि इस मुख्य मार्ग पर अक्सर वाहनों के दबाव के कारण लंबा जाम लग जाता था,

जिससे स्थानीय व्यापारियों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस सर्विस रोड के बन जाने से मुख्य सड़क पर वाहनों का दबाव कम होगा और नगर वासियों को जाम के झाम से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के अध्यक्ष और स्थानीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# सासनी में रजिस्ट्री निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** तहसील परिसर में रजिस्ट्री प्रक्रिया के निजीकरण के विरोध में शनिवार को भी अधिवक्ताओं, कातिबों, स्टाम्प वेंडरों और टाइपिस्टों ने विरोध प्रदर्शन जारी है, तहसील में सभी ने अपने चैंबर बंद रखे, जिससे तहसील का कामकाज पूरी तरह ठप रहा।
शनिवार को रजिस्ट्री निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार द्वारा रजिस्ट्री प्रक्रिया का निजीकरण करने से तहसील के कातिब, स्टाम्प वेंडर और अधिवक्ताओं के रोजगार पर संकट खड़ा हो जाएगा। उनका आरोप है कि, इससे आम जनता पर भी आर्थिक बोझ बढ़ेगा और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान होगा। वक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए इस निर्णय को जनविरोधी बताया। उन्होंने कहा कि इसे किसी भी हाल में लागू नहीं होने दिया जाएगा। अधिवक्ताओं ने मांग की कि रजिस्ट्री का कार्य पूरी तरह सरकारी तंत्र के अधीन रहना चाहिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। शनिवार को पूरे दिन चैंबर बंद रहने और कार्य बहिष्कार के कारण दूर-दराज से तहसील आने वाले फरियादियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रजिस्ट्री और अन्य दस्तावेजों से संबंधित आवश्यक कार्य न हो पाने के कारण लोग निराश होकर वापस लौटते दिखे। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया गया, तो वे अपने आंदोलन को और अधिक उग्र करेंगे, इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रदर्शनकारियों में सतीश बागर, पी.के. सिंह वाल्यान, सुनील दत्त पाठक, कृष्ण सिंह तोमर, अनिल गुप्ता, सुभाष कुमार, अजुद्दीन प्रसाद, के.पी. सुमन, भरत सिंह बघेल, राजवीर सिंह, महेश तोमर, प्रदीप सिंह, गीतम सिंह, गौरी शंकर कुशवाहा, राजेश लवानिया, संजीव कुमार सहित कई वकील, कातिब और स्टाम्प विक्रेता मौजूद थे।


# निबंधन विभाग के निजीकरण के विरोध में हड़ताल 11वें दिन भी जारी, पूर्व विधायक यशपाल चौहान का समर्थन

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निबंधन (रजिस्ट्री) विभाग के प्रस्तावित निजीकरण के विरोध में अधिवक्ताओं, कातिबों, स्टाम्प विक्रेताओं एवं टाइपिस्टों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शनिवार को 11वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन को पूर्व विधायक यशपाल सिंह चौहान एवं कर्मयोग सेवा संघ का समर्थन मिला।धरना स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक यशपाल सिंह चौहान ने आंदोलनकारियों की मांगों को न्यायोचित बताते हुए उनका समर्थन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं एवं विभिन्न संगठनों की ओर से उन्हें संयुक्त ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि आंदोलनकारियों की मांगों को मुख्यमंत्री एवं संबंधित मंत्री के समक्ष प्रमुखता से उठाकर समाधान का प्रयास करेंगे।कर्मयोग सेवा संघ के अध्यक्ष विवेक शील राघव ने भी आंदोलन के समर्थन में कहा कि निबंधन विभाग से हजारों लोगों की आजीविका जुड़ी है और निजीकरण से रोजगार, पारदर्शिता तथा जनहित प्रभावित हो सकता है। उन्होंने आंदोलनकारियों की आवाज शासन तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया।धरने की अध्यक्षता डी.के. चौहान (शोला) ने तथा संचालन रंजीत पौरुष एडवोकेट ने किया। वक्ताओं ने सरकार से निजीकरण के प्रस्ताव पर पुनर्विचार कर संबंधित पक्षों से संवाद स्थापित करने की मांग की।अध्यक्ष डी.के. चौहान ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र प्रस्ताव वापस नहीं लिया तो सोमवार से आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले चरण में जिला एवं प्रदेश स्तर पर आंदोलन तेज होगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।आंदोलनकारियों ने कहा कि निजीकरण से अधिवक्ताओं, कातिबों, स्टाम्प विक्रेताओं और टाइपिस्टों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा, जबकि आम जनता को भी रजिस्ट्री कार्यों में अतिरिक्त खर्च और अन्य व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। अंत में सभी ने मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया।

## उत्तर प्रदेश पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा में सक्षम वशिष्ठ प्रदेश में द्वितीय, हाथरस का बढ़ाया मान



**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं शिक्षाविद गिर्राज किशोर वशिष्ठ के सुपौत्र तथा आचार्य विवेक वशिष्ठ के सुपुत्र सक्षम वशिष्ठ ने उत्तर प्रदेश पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा-2026 में उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए ग्रुप-बी में प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सक्षम की इस उपलब्धि से परिवार, समाज तथा जनपद हाथरस गौरवान्वित हुआ है। सक्षम वशिष्ठ वर्तमान में उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल, लखनऊ में कक्षा 11 के छात्र हैं।अपनी लगन, अनुशासन और निरंतर मेहनत के बल पर उन्होंने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता पर परिजनों, शिक्षकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। क्षेत्र के लोगों ने इसे हाथरस के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि सक्षम की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## कौमरी में बिजली विभाग ने घर-घर जाकर बकाया बिजली बिल जमा कराए गए



**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** सासनी के गांव कौमरी में बिजली विभाग ने विद्युत बकायादारों पर वसूली के लिए एक विशेष अभियान चलाया। जिसके तहत विभाग की टीम ने उपभोक्ताओं के घरों का दौरा किया, उनके बिजली बिलों की जांच की और मौके पर ही लंबित बिलों भुगतान कराकर बकाया बसूला। शनिवार को गांव कौमरी में विद्युत विभाग की कार्रवाई के दौरान विभाग की टीम ने एक दर्जनभर से अधिक उपभोक्ताओं के लंबित बिजली बिल जमा कराए। जेई ओमपाल सिंह के नेतृत्व में चलाई गई इस मुहिम में अन्य उपभोक्ताओं को भी समय पर बिल जमा करने की हिदायत दी गई, ताकि भविष्य में उन्हें किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस विशेष अभियान में जेई ओमपाल सिंह के साथ लाइनमैन खन्ना ठाकुर, बंशी, बॉबी कुशवाहा, कालूराम, रवेंद्र, अनीश सहित बिजलीघर का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। जेई ओमपाल सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को जागरूक करने के साथ-साथ बकाया वसूली का कार्य निरंतर जारी है।

## विज्ञापन कर्मी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद घर भेजा

**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** कस्बा निवासी एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने शुक्रवार की देर शाम आगरा अलीगढ रोड स्थित मां कंकाली मंदिर के निकट टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया, घायल का उपचार सीएचसी में कराया है। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार समाचार पत्र विकेता कमल माहेश्वरी का पुत्र मयंक माहेश्वरी समाचार पत्रा की विज्ञापन कंपनी में कार्ररत है। बताते हैं कि शुक्रवार शाम वह बाइक द्वारा अपनी ड्यूटी समाप्त कर अपने घर सासनी आ रहा था, तभी मां कंकाली मंदिर के निकट अज्ञात वाहन ने पीछे से उसकी बाइक को टक्कर मार दीं जिससे मयंक माहेश्वरी अपनी बाइक सहित सडक पर गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जुट गई, उधर सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गये और घायल को उपचार हेतु सीएचसी लेकर आए। जहां उसका उपचार किया गया, घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौका पाकर घटनास्थल से नौ दो ग्यारह हो गया। समाचार लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

## पीएम-किसान की 23वीं किस्त जारी, कलेक्ट्रेट में किसानों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 23वीं किस्त जारी होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर (हुगली) से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें योजना की नई किस्त जारी करने के साथ विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ने की। इस अवसर पर सदर विधायक अंजुला माहौर, सिकंद्राराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, सादाबाद विधायक प्रदीप सिंह (गुड्डू), भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाहा, मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण योजना है, जिससे देश के करोड़ों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होंने किसानों से सरकार की विभिन्न कृषि एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने किसानों को 23वीं किस्त जारी होने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी 10 किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## 23 जून को हाथरस आएंगे मुख्यमंत्री, विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 23 जून 2026 (मंगलवार) को हाथरस भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसकी जानकारी अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने दी।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री प्रातः 10:45 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। इसके बाद वे जनपद की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे तथा आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार ने सुनी फरियादें

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** तहसील सभागार में तहसीलदार डॉली यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसीलदार ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के लिए संबधित अफसरों को निर्देशित किया। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। शनिवार को लगाए गये समाधान दिवस में क्षेत्र से आए फरियादियों ने तहसीलदार के सामने अपनी फरियाद सुनाई तहसीलदार ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इन शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। तहसीलदार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दानवीरों की विरासत पर संकट क्षय चिकित्सालय के उपयोग को लेकर उठे सवाल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** जनपद के ऐतिहासिक एवं दानवीरों की स्मृतियों से जुड़े चिकित्सालयों की पहचान लगातार समाप्त होने के आरोपों के बीच अब मटरूमल धन्नालाल क्षय चिकित्सालय को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता एवं मलखान सिंह इंटर कॉलेज, ठूलई के पूर्व अध्यक्ष अमर पाल सिंह ने प्रशासन को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि क्षय चिकित्सालय का उपयोग केवल टीबी रोगियों के उपचार के लिए ही किया जाए तथा इसे किसी अन्य उद्देश्य के लिए प्रयोग न किया जाए।ज्ञापन में कहा गया है कि हाथरस के अनेक दानवीर परिवारों ने अपनी निजी भूमि और संसाधन जनहित में दान देकर अस्पतालों, विद्यालयों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों की स्थापना कराई थी। इन संस्थानों का उद्देश्य समाज को स्थायी स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराना था। उनका




कहना है कि समय के साथ कई संस्थानों की मूल पहचान समाप्त होती चली गई। बागला अस्पताल का स्वरूप बदल गया, सिंगारी देवी महिला चिकित्सालय के स्थान पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय संचालित हो रहा है और हरि आई हॉस्पिटल भी अपने मूल स्वरूप में नहीं रहा।अब मटरूमल धन्नालाल क्षय चिकित्सालय भवन को संयुक्त जिला चिकित्सालय की अन्य सेवाओं अथवा इमरजेंसी के लिए उपयोग में लाने की चचाओं पर चिंता व्यक्त की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि ऐसा हुआ तो यह संस्थान भी अपनी ऐतिहासिक पहचान खो देगा।अमर पाल सिंह का कहना है कि लोहिया परिवार ने यह भूमि विशेष रूप से क्षयरोगियों के उपचार के लिए दान दी थी। उस समय टीबी एक गंभीर संक्रामक बीमारी थी और इसी कारण चिकित्सालय का निर्माण आबादी से अलग स्थान पर कराया गया था, ताकि संक्रमण का खतरा कम रहे। उनका कहना है कि आज भी राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी रोगियों के पृथक उपचार और संक्रमण नियंत्रण की आवश्यकता बनी हुई है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि टीबी के मरीजों को सामान्य मरीजों के साथ रखने से संक्रमण फैलने का जोखिम बढ़ सकता है, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा वाले मरीजों के लिए। ऐसे में क्षय चिकित्सालय का मूल स्वरूप बनाए रखना जनस्वास्थ्य की दृष्टि से भी आवश्यक है।ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई है कि मटरूमल धन्नालाल क्षय चिकित्सालय में केवल टीबी से संबंधित चिकित्सा सेवाएं ही संचालित की जाएं, किसी अन्य विभाग को वहां स्थानांतरित न किया जाए तथा हाथरस के दानवीरों के नाम पर स्थापित संस्थानों की मूल पहचान और उद्देश्य को संरक्षित रखने के लिए स्पष्ट नीति बनाई जाए।यह मामला केवल एक भवन के उपयोग का नहीं, बल्कि उन दानवीरों की विरासत, जनभावनाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था से भी जुड़ा है, जिन्होंने समाज के हित में अपनी निजी संपत्ति जनसेवा के लिए समर्पित की थी। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस मांग पर क्या निर्णय लेता है।

# सामूहिक विवाह स्थगित होने पर समाजसेवियों ने कराई गरीब कन्या की शादी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** सामाजिक सरोकार और मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए ममता फार्म हाउस में एक गरीब कन्या का विवाह समाजसेवियों के सहयोग से पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। रामकथा के दौरान प्रस्तावित 11 सामूहिक विवाह समारोह के स्थगित होने के बाद यह पहल की गई।जानकारी के अनुसार सिंहपुर निवासी अहेरिया समाज की एक गरीब कन्या का विवाह सामूहिक विवाह समारोह में होना था, लेकिन कार्यक्रम स्थगित होने से परिवार चिंता में पड़ गया। ऐसे में समाजसेवी रानू पंडित, आकाश दीक्षित और सजल पंडित ने आगे बढ़कर विवाह की संपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और ममता फार्म हाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ विवाह संपन्न कराया।खैर निवासी युवक के साथ वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह सम्पन्न हुआ। समारोह में उपस्थित लोगों ने नवदंपति को आशीर्वाद देते हुए समाजसेवियों के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। लोगों का कहना था कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता कर उनके जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों को सम्मानपूर्वक सम्पन्न कराना समाज के प्रति जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है।ममता फार्म हाउस के संचालक एवं समाजसेवी आकाश दीक्षित ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना समाज का नैतिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी जनहित एवं समाज सेवा से जुड़े कार्यों में सहयोग जारी रहेगा।इस सेवा कार्य में मोनू वार्ष्णेय, मुनेश शर्मा, नीटू शर्मा, मोनू पंडित और दुर्वेश पचौरी सहित अन्य सहयोगियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने नवदंपति के सुखद एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

# सुदिती ग्लोबल एकेडमी की छात्रा ने जीता स्वर्ण पदक

### विद्यालय ही मैनपुरी का नाम किया रोशन, हर्ष का माहौल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** जनपद के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि सुदिती ग्लोबल एकेडमी की छात्रा समिष्ठा गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतिष्ठित 29वीं एचएम सीरवाई संवैधानिक कानून निबंध प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करके अपने परिवार ही नही विश्वविद्यालय, बल्कि अपने विद्यालय तथा पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। प्रतिष्ठित प्रतियोगिता देश के अग्रणी विधि संस्थान नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु में आयोजित की गई थी। बता दें कि समिष्ठा गुप्ता सुदिती ग्लोबल एके-डमी में कक्षा 12 की नियमित छात्रा रही हैं। विद्यालय में अध्ययन के दौरान उन्होंने शैक्षणिक, साहित्यिक एवं बौद्धिक गतिविधियों में सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अपनी प्रतिभा, अनुशासन, लगन और मेहनत के बल पर उन्होंने विद्यालय में एक मेधावी छात्रा के रूप में पहचान बनाई। विद्यालय से शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत उन्होंने हाल ही में देश के प्रतिष्ठित विधि संस्थान नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली में प्रवेश प्राप्त किया, जहां वह विधि की शिक्षा ग्रहण करेंगी।

**समिष्ठा की सफलता बनेंगी प्रेरणास्रोत**

प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन ने समिष्ठा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि पूरे सुदिती परिवार के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि समिष्ठा ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत ईमानदारी से की जाए और शिक्षा के प्रति समर्पण बना रहे तो राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि समिष्ठा की सफलता वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें बड़े सपने देखने तथा उन्हें साकार करने का साहस देगी।

**मैनपुरी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि**

प्रशासनिक प्रधानाचार्य डॉ. कुसुम मोहन ने कहा कि समिष्ठा ने विद्यालय में रहते हुए उन्होंने हमेशा सीखने की उत्सुकता और उत्कृष्टता की भावना का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। प्रबंध निदेशक डॉ. लव मोहन ने कहा कि समिष्ठा की सफलता मैनपुरी के युवाओं के लिए प्रेरणा का विषय है।

**इन्होने भी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया**

समिष्ठा की उपलब्धि पर विद्यालय की एकेडमिक प्रधानाचार्य सुप्रिया शर्मा, उपप्रधानाचार्य जय शंकर तिवारी, समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं, पूर्व छात्रों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारियों का मंडलायुक्त ने लिया जायजा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** मुख्यमंत्री के संभावित जनपद भ्रमण को लेकर अलीगढ़ मंडल की आयुक्त संगीता सिंह ने जिलाधिकारी अतुल वत्स एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ सलेमपुर स्थित प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल (औद्योगिक क्षेत्र) का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने हेलिपैड, पंडाल, मंच, वीआईपी एवं आमजन की बैठक व्यवस्था, मीडिया दीर्घा, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग तथा प्रवेश-निकास मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से तैयारियां पूरी करें।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, छाया, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, एम्बुलेंस तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही हेलिपैड से कार्यक्रम स्थल तक आवागमन, साफ-सफाई, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं की भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी अतुल वत्स ने आयुक्त को अवगत कराया कि सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं और निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने बताया कि हेलिपैड, मंच, सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएंगी।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), उप जिलाधिकारी सासनी, मुख्य चिकित्साधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवा जोश चैरिटेबल सोसाइटी ने बांटे 1100 तुलसी के पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** युवा जोश चैरिटेबल सोसाइटी (रजि.) द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से चलाया गया एक माह का तुलसी वितरण अभियान खाटूश्याम मंदिर परिसर में समापन कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। अभियान के दौरान संस्था ने शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में 1100 तुलसी के पौधे निःशुल्क वितरित किए।संस्था के अध्यक्ष योगेश वार्ष्णेय (सहपऊ वाले) एवं युवा समाजसेवी सौरभ शर्मा के नेतृत्व में संचालित इस अभियान का उद्देश्य लोगों को तुलसी के औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व से अवगत कराते हुए प्रत्येक घर में तुलसी का पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना था। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर पौधे वितरित किए तथा उनके संरक्षण एवं देखभाल की जानकारी भी दी।संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि तुलसी को आयुर्वेद में 'संजीवनी बूटी' का दर्जा प्राप्त है। यह वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ अनेक बीमारियों से बचाव में भी लाभकारी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संस्था पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता से जुड़े ऐसे अभियान निरंतर चलाती रहेगी।अभियान के समापन अवसर पर स्थानीय लोगों ने संस्था की पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।इस अवसर पर योगेश वार्ष्णेय, सौरभ शर्मा, चंदन वार्ष्णेय, अनिल वार्ष्णेय, तरुण पंकज, रवि वार्ष्णेय, विशाल दुबे, आशीष गौड़, रामजी लाल, मोहित वार्ष्णेय, पिंटू गुप्ता, विकास कुशवाह, गोपाल अग्रवाल सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# टीबी मुक्त समाज के लिए गांव में चला विशेष जागरूकता अभियान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**जसवंतनगर (इटावा)।** क्षय रोग (टीबी) के प्रति लोगों को जागरूक करने और समय रहते रोगियों की पहचान कर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम राजमऊ में विशेष स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पीपीएम जिला समन्वयक निर्मल सिंह ने बताया कि 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान के तहत जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर के दौरान लक्षणयुक्त व्यक्तियों की जांच की गई तथा हाथ से संचालित एक्स-रे मशीन के माध्यम से 80 लोगों के एक्स-रे किए गए। इसके अलावा 16 लोगों के बलगम के नमूने जांच के लिए लिए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक बीरेंद्र सिंह यादव ने टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, सीने में दर्द, बलगम में खून आना, शाम के समय पसीना आना, वजन कम होना, बच्चों का वजन न बढ़ना, भूख कम लगना अथवा गले में गांठ जैसी समस्याएं दिखाई दें तो उन्हें तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि टीबी की पुष्टि होने पर सरकार की ओर से मरीजों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही उपचार अवधि के दौरान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से प्रति माह एक हजार रुपये की पोषण सहायता राशि भी प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में राघवेंद्र प्रताप सिंह, रविंद्र सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अनूप, एक्स-रे तकनीशियन सूरज, सामुदायिक स्वयंसेवक गौतम, आशा एवं आशा संगिनी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# दो महीने बाद भी नहीं दर्ज हुई बाइक चोरी की एफआईआर, पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** ताजगंज थाना क्षेत्र की बसई चौकी में पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि मोटरसाइकिल चोरी की घटना के करीब दो महीने बीत जाने के बावजूद अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है, जबकि पीड़ित कई बार चौकी, थाना और उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत दे चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित विवेक पुत्र टीकम कुशवाह, निवासी बमरौली अहीर, बसई, थाना ताजगंज, आगरा ने अपनी शिकायत में बताया है कि 19 अप्रैल 2026 की रात लगभग 10:10 बजे उसकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (नंबर फख-14 हङ-4106) आवास विकास कॉलोनी गेट के पास स्थित एक मैरिज होम के बाहर से चोरी हो गई थी। पीड़ित का कहना है कि घटना के तुरंत बाद उसने पुलिस को सूचना दी और कई बार लिखित तहरीर भी दी, लेकिन आज तक अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई। आरोप है कि बसई चौकी प्रभारी अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बजाय मैरिज होम संचालक के खिलाफ नामजद तहरीर देने का दबाव बना रहे हैं।

पीड़ित परिवार का सवाल है कि जब चोरी करने वाले व्यक्ति की पहचान ही नहीं है तो किसी अन्य व्यक्ति को नामजद करने के लिए क्यों कहा जा रहा है? परिवार का कहना है कि लगातार दो महीने से चौकी और थाने के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। अब इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भी चर्चा है कि आखिर अज्ञात वाहन चोरी जैसे सामान्य मामलों में भी मुकदमा दर्ज करने में इतनी देरी क्यों की जा रही है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से हस्तक्षेप कर निष्पक्ष कार्रवाई और तत्काल एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचीं नौ शिकायतें, मौके पर नहीं हुआ निस्तारण

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**जसवंतनगर (इटावा)।** तहसील सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय गौतम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल नौ शिकायतें प्राप्त हुईं, हालांकि किसी भी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। सभी प्रकरण संबंधित विभागों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिए गए। समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ताओं ने भूमि पर अवैध कब्जा, खतौनी में नाम संशोधन, चकरोड पर अतिक्रमण, खराब ट्रांसफार्मर बदलवाने तथा भूमि के अंश निर्धारण में त्रुटि जैसे मामलों को उठाया। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है तथा शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुमार सत्यमजीत, क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह, तहसीलदार अभिजीत, नायब तहसीलदार नेहा सचान, आकांक्षा मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला ने तीन लोगों पर फायरिंग व घर में घुसकर मारपीट का लगाया आरोप

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**इटावा।** थाना बसरेहर क्षेत्र के ग्राम रम्मपुरा निवासी एक महिला ने गांव के तीन लोगों पर फायरिंग, घर में घुसकर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम रम्मपुरा निवासी कुसमा देवी पत्नी रामकिशोर द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि गांव के ही अंकित उर्फ टिक्का, विवेक उर्फ कल्लू और सचिन से उनका पूर्व से विवाद चल रहा है। महिला का आरोप है कि कुछ दिन पहले नाली बंद करने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उन्हें धमकी दी गई थी। महिला के अनुसार 9 जून को वह अपने घर के बाहर खड़ी थीं, तभी तीनों आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इसी दौरान एक आरोपी ने कथित तौर पर तमंचे से फायर किया। महिला का कहना है कि वह झुक गईं, जिससे गोली उन्हें नहीं लगी, हालांकि छर्रे लगने से उन्हें चोट आई। पीड़िता ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि इसके बाद आरोपी घर में घुस आए और मारपीट की। शोर सुनकर परिवार के सदस्य और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए। महिला का कहना है कि घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई थी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने चिकित्सीय परीक्षण कराने के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र भेजकर मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल मामले में पुलिस की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# ओवरलोड डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई न होने से बढ़ी चिंता

## क्षमता से अधिक सवारियां भरकर संचालित हो रहे वाहन, हादसे की आशंका

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**महोबा।** कानपुरझसागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित डग्गामार और ओवरलोड वाहनों को लेकर लोगों में चिंता बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर नियमों की अनदेखी कर कई वाहन क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर संचालित किए जा रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है। बताया जा रहा है कि विशेष रूप से तीन पहिया वाहनों में निर्धारित क्षमता से कई गुना अधिक यात्रियों को बैठाकर परिवहन कराया जा रहा है। इससे यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लगातार आवाज उठने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से वाहन संचालकों के हौसले बढ़े हुए हैं। क्षेत्र में चल रहे जागरूकता अभियान के दौरान भी सड़क सुरक्षा और अवैध परिवहन व्यवस्था का मुद्दा उठाया गया। लोगों का कहना है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क पर उतरकर नियमित जांच अभियान चलाया जाए तथा ओवरलोड और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, परिवहन एवं संबंधित विभागों की ओर से अभियान और निगरानी बढ़ाने की बात कही जा रही है। सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन भी सतर्कता बरतने और सुरक्षित यात्रा को प्राथमिकता देने की अपील कर रहे हैं।

# 21 जून को मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारी तेज, प्रशासन अलर्ट

## मोदी मैदान का निरीक्षण, सुरक्षा और व्यवस्थाओं की समीक्षा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**महोबा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित महोबा दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए जिले में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक आधिकारिक प्रोटोकॉल जारी होने की प्रतीक्षा की जा रही थी। संभावित कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने प्रयागराज जोन के एडीजी ज्योति नारायण महोबा पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ शहर स्थित मोदी मैदान का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर टेंट, बैठक व्यवस्था और हेलीपैड निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई। प्रशासनिक स्तर पर यह संभावना जताई जा रही है कि प्रस्तावित दौरे के दौरान मुख्यमंत्री जिले की प्रमुख विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर सकते हैं। इनमें अर्जुन सहायक परियोजना, हर घर जल योजना, निमार्णाधीन ट्रामा सेंटर तथा नई जेल परियोजना शामिल हो सकती हैं। इसके अलावा 55 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवीन कचहरी भवन का भी निरीक्षण संभावित बताया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किए जाने की भी तैयारी चल रही है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, आधिकारिक कार्यक्रम जारी होने के बाद अंतिम रूप से व्यवस्थाएं निर्धारित की जाएंगी। फिलहाल प्रस्तावित जनसभा स्थल पर तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं।

# नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह आयोजित

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**भरथना (इटावा)।** नगर पालिका परिषद भरथना में अध्यक्ष अजय कुमार यादव के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम नगर पालिका भवन में आयोजित हुआ, जिसमें पालिका कर्मियों, अधिकारियों एवं अन्य अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अजय कुमार यादव ने की। इस अवसर पर कार्यालय कर्मचारियों द्वारा पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्र को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं उपस्थित कर्मचारियों और पत्रकारों को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मान दिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष अजय कुमार यादव ने कहा कि नगरवासियों के सहयोग और विश्वास से उन्हें जनसेवा का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि कार्यभार ग्रहण करने के समय पालिका पर विभिन्न मदों में भुगतान संबंधी लंबित दायित्व थे, जिनके समाधान की दिशा में लगातार प्रयास किए गए और अधिकांश भुगतान किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ विकास कार्यों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। कई विकास योजनाओं पर कार्य जारी है और संसाधन उपलब्ध होने पर शेष कार्यों को भी आगे बढ़ाया जाएगा। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों, पत्रकारों और नगरवासियों के सहयोग से भरथना को एक आदर्श नगर पालिका बनाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# मिशन शक्ति चौपाल में महिलाओं को किया जागरूक

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**जसवंतनगर (इटावा)।** बलरई थाना क्षेत्र के ग्राम बाउथ में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित चौपाल में महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी कृपाल सिंह मिशन शक्ति टीम के साथ पहुंचे और महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर जानकारी दी। चौपाल के दौरान महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, आत्मविश्वास बढ़ाने, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा साइबर अपराधों से सतर्क रहने के संबंध में जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए 112, महिला हेल्पलाइन 1090, महिला शक्ति हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एंबुलेंस सेवा 108 तथा साइबर अपराध की शिकायत के लिए 1930 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि इन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता मिल सके। कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और साइबर फ्रॉड से बचाव के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर मिशन शक्ति टीम के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मॉडल तहसील में दस्तावेज लेखकों व स्टांप विक्रेताओं का अनिश्चितकालीन धरना शुरू



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**जसवंतनगर (इटावा)।** मॉडल तहसील स्थित उपनिबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर शनिवार से दस्तावेज लेखकों एवं स्टांप विक्रेताओं ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्रस्तावित व्यवस्था से उनके रोजगार और आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। धरनारत लोगों ने मांग की कि सरकार संबंधित व्यवस्था पर पुनर्विचार करे तथा दस्तावेज लेखन एवं स्टांप विक्रय से जुड़े लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। धरना स्थल पर पहुंचे अधिवक्ताओं ने भी आंदोलन को समर्थन देते हुए संबंधित पक्षों के साथ संवाद के माध्यम से समाधान निकालने की बात कही। अधिवक्ता सौमिल सक्सेना, मनोज कुशवाहा, राजीव चतुर्वेदी एवं संजीव यादव ने प्रदर्शनकारियों के समर्थन में अपनी बात रखी। धरना प्रदर्शन में दस्तावेज लेखक यूनियन के जिलाध्यक्ष मानसिंह यादव, तहसील अध्यक्ष अनिल तिवारी सहित बैनामा लेखक रणवीर सिंह, जयवीर सिंह, विनीता यादव, सत्येंद्र पाल सिंह, समरेश सिंह एवं अंकित यादव मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय होने तक आंदोलन जारी रखने पर विचार किया जाएगा।

# बेटी की शादी से नौ दिन पहले किसान ने फांसी लगाकर जान दी

**मोर्निंग सिटी संवाददाता महोबा।** जनपद के कोहारी गांव में बेटी की शादी से ठीक नौ दिन पहले एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों का कहना है कि किसान लंबे समय से आर्थिक तंगी और शादी की तैयारियों को लेकर तनाव में था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कोहारी गांव निवासी 50 वर्षीय किसान मंगल अहिरवार दो बीघा जमीन पर खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार के मुताबिक, 28 जून को उनकी 18 वर्षीय बेटी की शादी प्रस्तावित थी और इसी को लेकर तैयारियां चल रही थीं। परिजनों ने बताया कि इस बार फसल से अपेक्षित आय नहीं हो सकी, जिससे परिवार आर्थिक दबाव में था। बताया गया कि किसान शादी के खर्च को लेकर चिंतित रहते थे। परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी थी कि उनकी पत्नी प्रेमवती बच्चों के साथ मजदूरी के लिए दिल्ली गई थीं और हाल ही में शादी की तैयारियों के लिए गांव लौटी थीं। ग्रामीणों के अनुसार, किसान ने आर्थिक सहायता के लिए स्थानीय स्तर पर भी संपर्क किया था। ग्राम प्रधान रामराज वर्मा ने बताया कि उन्होंने सहायता और उपलब्ध योजनाओं के तहत सहयोग का आश्वासन दिया था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इधर, घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। ग्रामीणों और परिजनों ने प्रशासन से परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि बेटी की शादी की तैयारियों में सहयोग मिल सके।

# पत्थर खदान में हादसा, एक मजदूर की मौत, दूसरा घायल

**मोर्निंग सिटी संवाददाता महोबा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के डहर्रा मौजा स्थित पांच नंबर पहाड़ में खनन कार्य के दौरान हुए हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर घायल हो गया। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खदान क्षेत्र में कार्य के दौरान एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा मजदूर घायल बताया गया है, जिसे उपचार के लिए भेजा गया। बताया गया कि सैकड़ों फुट गहरी खदान से मृतक का शव बाहर निकालने में काफी समय लगा। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शव को बाहर निकालकर कब्जे में लिया गया। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक स्तर पर खनन कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और कार्य परिस्थितियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय शराब मुक्त पार्टी की एक दिवसीय कार्यशाला आज

**मोर्निंग सिटी संवाददाता भरथना (इटावा)।** राष्ट्रीय शराब मुक्त पार्टी की ओर से शराब मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रविवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम बसरेहर क्षेत्र के ग्राम लुहिया में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार, कार्यशाला का उद्देश्य शराबबंदी को लेकर जनजागरूकता बढ़ाना और अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। जानकारी देते हुए संतोष कुमार गोस्वामी ने सभी कार्यकताओं और समर्थकों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचने की अपील की है। बताया गया कि कार्यशाला को राष्ट्रीय शराब मुक्त पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुल्तान सिंह तथा प्रदेश संयोजक जयनारायण संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में संगठन की आगामी रणनीति तथा जनजागरण अभियान को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

# मुख्य बस स्टैंड को पुनः संचालित कराने की मांग तेज

**मोर्निंग सिटी संवाददाता जसवंतनगर (इटावा)।** नगर के मुख्य बस स्टैंड को दोबारा संचालित कराने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में नगर निवासी रोहित जोशी ने विधायक शिवपाल सिंह यादव को पत्र सौंपकर बस संचालन बहाल कराने तथा पुल के नीचे सौंदर्यीकरण कराए जाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि लंबे समय से मुख्य बस स्टैंड पर पहले की तरह बसों का संचालन नहीं हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बसों के निर्धारित स्थान पर न रुकने से यात्रियों, व्यापारियों एवं विद्यार्थियों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्तमान व्यवस्था के कारण यात्रियों का समय और खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। विशेषकर देर रात यात्रा करने वाली महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए यह स्थिति सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय बताई गई है। रोहित जोशी ने मांग की कि मुख्य बस स्टैंड को पूर्व की तरह सक्रिय किया जाए, जिससे नगरवासियों को राहत मिल सके। इसके साथ ही पुल के नीचे सौंदर्यीकरण कर सार्वजनिक स्थल को अधिक व्यवस्थित और आकर्षक बनाने का सुझाव भी दिया गया। उन्होंने विधायक से मांगों पर शीघ्र विचार कर आवश्यक कार्रवाई कराने की अपील की है।

# गठबंधन पर स्पष्टता न होने से कांग्रेस कार्यकताओं में असमंजस

**मोर्निंग सिटी संवाददाता इटावा।** वर्ष 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं में तैयारियों को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है, लेकिन संभावित गठबंधन को लेकर स्पष्ट तस्वीर सामने न आने से स्थानीय स्तर पर असमंजस की स्थिति भी बनी हुई है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि यदि आगामी चुनाव में गठबंधन की स्थिति बनती है तो इटावा जनपद की सीटों पर सीट बंटवारे को लेकर समीकरण महत्वपूर्ण हो सकते हैं। स्थानीय कार्यकताओं के बीच इस बात को लेकर चर्चा है कि जिले में पार्टी को किस सीट पर चुनाव लड़ने का अवसर मिलेगा। कार्यकताओं का मानना है कि समय रहते पार्टी नेतृत्व को रणनीति स्पष्ट करनी चाहिए, ताकि संगठनात्मक स्तर पर तैयारी मजबूत की जा सके। उनका कहना है कि चुनावी तैयारी केवल उम्मीदवार तय होने से नहीं, बल्कि कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी से भी तय होती है। कुछ स्थानीय कार्यकताओं का यह भी कहना है कि यदि गठबंधन होता है तो प्रत्येक जिले में पार्टी को कम से कम एक सीट पर चुनाव लड़ने का अवसर मिलना चाहिए, जिससे संगठन को सक्रिय रखने और कार्यकताओं को चुनावी जिम्मेदारी देने में मदद मिले। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि विधानसभा चुनाव से पहले संगठन विस्तार, प्रदेश स्तर पर नियुक्तियां और स्थानीय इकाइयों की सक्रियता भी दलों की चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा होती हैं। हालांकि, कांग्रेस की ओर से अभी तक जिले स्तर पर सीटों या संभावित गठबंधन को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। ऐसे में कार्यकर्ता संगठनात्मक निर्णय और चुनावी रणनीति को लेकर नेतृत्व की आगामी घोषणाओं का इंतजार कर रहे हैं।

# मंडी सचिव पर उत्पीड़न और अनियमितताओं के आरोप, व्यापारियों ने डीएम से की शिकायत

**मोर्निंग सिटी संवाददाता भरथना (इटावा)।** कृषि उत्पादन मंडी समिति भरथना के कुछ व्यापारियों ने मंडी सचिव पर उत्पीड़न, मनमानी और अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत कर मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।

महावीर नगर निवासी एवं केजी राइस एंड दाल मिल के संचालक किशन अग्रवाल ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उन्हें बिना पूर्व सूचना के परेशान किया जा रहा है तथा अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। शिकायत के अनुसार 19 जून को उनकी दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया, जिसकी जानकारी उन्हें बाद में अन्य व्यापारियों से मिली। उनका कहना है कि उन्हें व्यापारिक गतिविधियां संचालित करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राजागंज निवासी व्यापारी इन्द्रेश उपाध्याय ने भी जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उनकी फर्म ह्यमां पीताम्बरा ट्रेडर्सह्व वर्ष 2018 से पंजीकृत होने के बावजूद अब तक मंडी परिसर में स्थान आवंटित नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अन्य व्यापारियों को नियमों के विपरीत स्थान उपलब्ध कराए गए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी प्रशासनिक स्तर पर शिकायत की गई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हाल में उनकी दुकान पर निरीक्षण के दौरान नोटिस जारी किया गया, जबकि उनके अनुसार व्यापारिक गतिविधियां निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित की जा रही थीं। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामले को लेकर व्यापारिक वर्ग में चर्चा बनी हुई है। हालांकि, इस संबंध में मंडी प्रशासन की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक / महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अकबरपुर (कानपुर देहात)।** मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत शनिवार को जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में जनपदीय थाना पुलिस ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण संबंधी जानकारी दी। अभियान के दौरान सैकड़ों महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस टीमों ने विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं संबंधित सेवाओं का तत्काल लाभ उठा सकती हैं। इस दौरान 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 महिला शक्ति लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 इमरजेंसी सेवा एवं 1076 पुलिस कंट्रोल रूम सहित अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस ने महिलाओं को यूपीकॉप (वढउडढ) ऐप के माध्यम से उपलब्ध पुलिस सेवाओं के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया। साथ ही सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ रहे साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी प्रोफाइल और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए गए। अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम से जुड़े कानूनी अधिकारों की जानकारी भी प्रदान की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं से किसी भी प्रकार की असुरक्षा या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की गई।

## मासूम से छेड़छाड़ में गर्भवती भाभी और देवर गिरफ्तार; अवैध संबंधों और खौफनाक साजिश का हुआ सनसनीखेज खुलासा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मंगलपुर (कानपुर देहात)।** जनपद में अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 12 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने और इस घिनौनी वारदात में सहयोग करने वाले एक वांछित अभियुक्त और एक महिला आरोपी (अभियुक्ता) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों को झींझक स्टेशन और महोई टेम्पो स्टैंड के पास से दबोचा।

**कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर पिलाई, फिर की छेड़छाड़**

खानपुर गांव की एक महिला ने मंगलपुर थाने में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पड़ोस में रहने वाली गायत्री और उसके देवर नवनीत ने उसकी 12 वर्षीय नातिन को किसी बहाने से अपने घर बुलाया था। इसके बाद दोनों ने मासूम बच्ची को कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर पिला दी। जब बच्ची को नशा हो गया, तो नवनीत ने गलत नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़िता की नानी की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की सुसंगत धाराओं और पॉक्सो (ढडउरड) एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

**पूछताछ में हुआ चौंकाने वाला खुलासा**

पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जो खुलासा किया, उसे सुनकर हर कोई दंग रह गया। अभियुक्त नवनीत और अभियुक्ता गायत्री ने स्वीकार किया कि उनके बीच अवैध शारीरिक संबंध थे। गायत्री के गर्भवती होने के कारण वे संबंध नहीं बना पा रहे थे, जिसके बाद दोनों ने मिलकर पड़ोस की इस नाबालिग बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाने की खौफनाक साजिश रची। मामी की सूझबूझ से बची मासूम की जान घटना के वक्त दोनों आरोपी शराब के नशे में धुत थे। गायत्री खुद बच्ची को बहला-फुसलाकर कमरे के अंदर ले गई और फिर नवनीत को उसके पास भेज दिया। नवनीत ने जैसे ही कमरे में बच्ची को दबोचा, मासूम ने सूझबूझ दिखाते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया।

बच्ची की चीख-पुकार सुनकर पास ही मौजूद उसकी मामी तुरंत मौके पर पहुंच गई, जिससे आरोपी अपने मंसूबों में पूरी तरह कामयाब नहीं हो सके। मामी अपनी भांजी को सुरक्षित बचाकर अपने घर ले आई।

## उर्स देखकर लौट रहे युवक से लूट, मोबाइल छीनकर खाते से ट्रांसफर किए रुपये / कार सवार बदमाशों ने मारपीट कर वारदात को दिया अंजाम, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**सिकंदरा (कानपुर देहात)।** थाना क्षेत्र में अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस का एक मामला सामने आया है। उर्स देखकर साथी के साथ घर लौट रहे युवक को कार सवार अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट कर उसका मोबाइल फोन छीन लिया और मोबाइल के जरिए उसके बैंक खाते से ऑनलाइन रुपये भी ट्रांसफर कर लिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, डेरापुर निवासी मोहम्मद तालिब 15 जून की रात अपने एक साथी के साथ सिकंदरा कस्बे में आयोजित उर्स देखने गए थे। उर्स से लौटते समय 16 जून की भोर में दोनों बाइक से घर वापस जा रहे थे। आरोप है कि बिरहाना पुल के पास कार सवार कुछ अज्ञात लोगों ने उनकी बाइक रोक ली। पीड़ित का आरोप है कि कार से उतरते ही बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और उसका वीवो कंपनी का मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद मोबाइल अनलॉक कराकर उसके बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से करीब 7300 रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिए।विरोध करने पर आरोपियों ने युवक और उसके साथी के साथ दोबारा मारपीट की, जिससे पीड़ित को चोटें आईं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी कार से मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने सिकंदरा थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट, मारपीट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना स्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस जल्द आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

## नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाई, जांच में जुटी पुलिस

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**सिकंदरा (कानपुर देहात)।** थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। महिला ने घर के भीतर फांसी लगा ली। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान गांव निवासी राजकुमार कोरी की 25 वर्षीय पत्नी मिन्कू के रूप में हुई है। शुक्रवार अपराह्न उसने घर में फांसी लगा ली। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। परिजनों ने महिला को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को वापस घर लाया गया। बताया गया कि मृतका का विवाह इसी वर्ष फरवरी माह में हुआ था। घटना की सूचना मृतका के मायके पक्ष को दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 195 वाहनों के चालान

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** जनपद में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जनपदीय पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट वाहन चलाना, ट्रिपल राइडिंग, हेलमेट का उपयोग न करना तथा बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन संचालन जैसे मामलों में मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 195 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और यातायात व्यवस्था बेहतर बनाई जा सके। जनपदीय पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और अन्य सुरक्षा मानकों का उपयोग करें तथा सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा और दुर्घटना नियंत्रण के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## अपराध नियंत्रण अभियान में दो वांछित गिरफ्तार, 16 पर शांति भंग की कार्रवाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** जनपद में अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 16 व्यक्तियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई भी की गई। पुलिस के अनुसार, थाना गजनेर पुलिस ने मुकदमा संख्या 145/26 से संबंधित मामले में ग्राम सड़वा पतरा निवासी रामजी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की। वहीं थाना सिकंदरा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट एवं बीएनएस की संबंधित धाराओं में दर्ज मुकदमे के वांछित आरोपी गोकुल निवासी बनवारीपुर को गिरफ्तार किया। इसके अलावा जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 16 व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170/126/135 के अंतर्गत कार्रवाई की। थानावार कार्रवाई के तहत भोगनीपुर थाना क्षेत्र में पांच, मूसानगर में दो, सिकंदरा में दो, अमराहट में एक, डेरापुर में तीन तथा रसूलाबाद थाना क्षेत्र में तीन व्यक्तियों का चालान किया गया।

## संगसियापुर ग्राम पंचायत में 7.31 लाख के कथित गबन का मामला, तत्कालीन प्रधान समेत चार पर मुकदमा दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** जनपद की संगसियापुर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। वर्ष 2016 से 2019 के बीच हुए कार्यों की जांच में लाखों रुपये की वित्तीय गड़बड़ी सामने आने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर तत्कालीन ग्राम प्रधान समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार अकबरपुर थाना क्षेत्र की संगसियापुर ग्राम पंचायत में वर्ष 2016 से 2019 के दौरान कराए गए विकास कार्यों एवं खर्चों की जांच के लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। जांच में 7 लाख 31 हजार 67 रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आने का उल्लेख किया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई करते हुए एडीओ पंचायत ने अकबरपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। दर्ज मुकदमे में तत्कालीन ग्राम प्रधान राम सिंह, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी हरनाथ संखवार, तत्कालीन वीपीओ प्रियंका शुक्ला तथा तत्कालीन वीडीओ स्नेहा राजपूत को नामजद किया गया है। प्रशासन का आरोप है कि विकास कार्यों में सरकारी धन के उपयोग के दौरान अनियमितता बरती गई और वित्तीय गड़बड़ी हुई। जिलाधिकारी कपिल सिंह ने बताया कि जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की गई है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल अकबरपुर थाना पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम व एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनीं जनसमस्याएं

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**सिकंदरा (कानपुर देहात)।** जनपद की सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय समाधान दिवस के तहत तहसील सिकंदरा में जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने आमजन की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (न्याय) दिग्विजय सिंह भी मौजूद रहे।

तहसील सिकंदरा में आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का मौके पर जाकर परीक्षण किया जाए और निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से संवाद कर फीडबैक भी लिया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद संबंधी मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर पहुंचकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री संदर्भ, जनप्रतिनिधियों के संदर्भ, आईजीआरएस और तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष बल दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक नियमित जनसुनवाई करने, शिकायत पंजिका का संधारण करने तथा प्रकरणों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। अधिकारियों को आमजन के साथ संवेदनशील एवं शिष्ट व्यवहार बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं तथा तहसील सिकंदरा क्षेत्र की गौशालाओं का निरीक्षण कर गुणवत्ता संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,

उपजिलाधिकारी सिकंदरा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री संजय निषाद ने विकास प्रदर्शनी व विभागीय स्टॉलों का किया अवलोकन

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**रसूलाबाद (कानपुर देहात)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को इको पार्क, माती में जनपद स्तरीय विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, विकास प्रदर्शनी एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने विकास प्रदर्शनी एवं विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में विधायक पूनम शंखवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान, जिलाधिकारी कपिल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, किसान एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान प्रभारी मंत्री, विधायक एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी ली। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। मुख्य सत्र को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। साथ ही किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाकर कृषि लागत कम करने और भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने का आह्वान किया। विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ मिला है तथा किसान, महिला और युवा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जिलाधिकारी कपिल सिंह ने कहा कि प्रशासन सरकार की योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बताते हुए इसके पर्यावरणीय और आर्थिक लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, जैविक संसाधनों के उपयोग, जीवामृत, बीजामृत, फसल विविधीकरण तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों ने उत्पादन लागत कम करने और आय बढ़ाने के उपाय बताए। तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक आई.एन. शुक्ला ने उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी, जबकि सेवानिवृत्त कर्मचारी अमर सिंह पाल ने रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। अंत में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र एवं सहायता सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का समापन विकसित भारत के संकल्प के साथ हुआ।

## पीएम किसान योजना की 23वीं किस्त जारी, केवीके में किसानों ने देखा सजीव प्रसारण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी होने के अवसर पर शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), दलीपनगर में जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन एवं किस्त जारी किए जाने का सजीव प्रसारण देखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अश्वनी कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना छोटे और सीमांत किसानों के लिए लाभकारी साबित हुई है। योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की सहायता तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। कानपुर मंडल के संयुक्त कृषि निदेशक धर्मेंद्र कुमार ने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं पीएम किसान योजना से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23वीं किस्त के अंतर्गत जनपद कानपुर देहात के किसानों के खातों में धनराशि अंतरित की गई है तथा बड़ी संख्या में किसान परिवार इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान किसानों की ई-केवाईसी, भूलेख सत्यापन एवं आधार सीडिंग से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष काउंटर भी लगाए गए। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि जिनकी किस्त किसी कारण से रुकी हुई है, वे आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन समय से पूरा कराएं। जिला कृषि अधिकारी श्रीमती प्राची पांडे ने विभागीय योजनाओं एवं बीज-खाद पर उपलब्ध अनुदान की जानकारी दी। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने संतुलित उर्वरक उपयोग, मिट्टी संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों पर किसानों को जानकारी दी। गृह वैज्ञानिक डॉ. निमिषा अवस्थी ने भी किसानों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशिकांत ने किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण और शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी कपिल सिंह ने शनिवार को तहसील सिकंदरा का निरीक्षण कर राजस्व एवं जनसेवा संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने तहसील परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रखरखाव तथा विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न न्यायालयों एवं शाखाओं का भ्रमण कर पत्रावलियों की स्थिति, लंबित प्रकरणों और कार्यालयीय कार्यों का परीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित संधारण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी दस्तावेजों को श्रेणीबद्ध तरीके से संरक्षित किया जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जा सके।जिलाधिकारी ने नजारत शाखा का निरीक्षण कर राजकीय अभिलेखों एवं सामग्री के रखरखाव की समीक्षा की तथा लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इसके साथ ही तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, राजस्व निरीक्षक कार्यालय और खतौनी वितरण कार्यालय के कार्यों की प्रगति भी परखी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने असंतुष्टि फीडबैक वाले मामलों पर विशेष ध्यान देकर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने को कहा। तहसील परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने परिसर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन को बेहतर, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अनिवार्य जनसुनवाई आयोजित करने तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयपालन, जवाबदेही और आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सिकंदरा, तहसीलदार तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जनपदभर में पुलिस का स्वच्छता अभियान, थाना परिसरों और कार्यालयों की हुई सफाई / स्वच्छ एवं बेहतर कार्य वातावरण बनाने पर दिया गया जोर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**राजपुर (कानपुर देहात)।** जनपद में स्वच्छ एवं बेहतर कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रसाद के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। अभियान के तहत जनपद के सभी थाना परिसरों, पुलिस कार्यालयों एवं विभिन्न शाखाओं में साफ-सफाई कर परिसर को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाया गया। इस दौरान कार्यालय कक्ष, अभिलेख कक्ष, बैरक, आगंतुक कक्ष तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों की विशेष रूप से सफाई कराई गई। स्वच्छता अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यालयों एवं कार्यस्थलों को व्यवस्थित रखने पर भी बल दिया गया।

अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ वातावरण से न केवल कार्यक्षमता में वृद्धि होती है, बल्कि आमजन को भी बेहतर और सकारात्मक माहौल में पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने में सुविधा मिलती है। अभियान के माध्यम से पुलिस विभाग में स्वच्छता और अनुशासन की भावना को और मजबूत करने का प्रयास किया गया।



# कीर्ति कुल्हारी ने मानवी गगरू के लिए लिखी खास बात

अभिनेत्री पत्रलेखा और मानवी गगरू स्टारर कॉमेडी ड्रामा 'हीर सारा और पुडुचेरी' बड़े पर्दे पर प्रदर्शित हो चुकी है। अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने फिल्म और मानवी गगरू को बधाई देते हुए एक दिलचस्प पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री इंस्टाग्राम पर फिल्म का क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'इस खास दिन पर मानवी गगरू को दिल से ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं। आप पहले से भी ज्यादा चमकें और फिल्म को खूब प्यार मिले, यही कामना है। ढेर सारा प्यार, बड़ी-सी झप्पी और हीर सारा की पूरी टीम को शुभकामनाएं। दोस्तों, जाइए और इस खूबसूरत फिल्म को अपने नजदीकी सिनेमाघरों में देखकर अपना प्यार दीजिए।' निर्देशक कार्तिक चौधरी द्वारा बनाई गई यह फिल्म दो महिलाओं की भावनात्मक यात्रा पर आधारित है, जो व्यक्तिगत संकटों और सामाजिक दबावों के बीच जीवन में मुक्ति और नया उद्देश्य तलाशती हैं। सारा (पत्रलेखा) एक महत्वाकांक्षी बाइकर हैं और हीर (मानवी गागरू) एक अन्य महिला हैं जो जीवन के अलग-अलग दौर से गुजर रही हैं।
सारा अपनी मां को खोजने के लिए इंदौर से पांडिचेरी (पुडुचेरी) की यात्रा पर निकलती हैं, जबकि हीर अपने बॉयफ्रेंड की शादी को रोकने का प्रयास करती है। यह फिल्म पहचान, महिला दोस्ती और सामाजिक अपेक्षाओं के बंधनों से मुक्त होकर खुद को फिर से खोजने के साहस का जश्न मनाती है।
फिल्म का निर्माण मेघा क्रिएशन्स (दिनेश सोनी), नेक्स्ट लेवल प्रोडक्शंस (नीरज रुहिल और सुभव शर्मा) और ऑप्टिकस इंक ने मिलकर किया है। फिल्म को सोनी म्यूजिक इंडिया का सहयोग मिला है।
फिल्म में आरिफ जकारिया, निशंक वर्मा और श्वेता साल्वे भी अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं। फिल्म को दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। उनका मानना है कि फिल्म का मूल विचार बहुत अच्छा था, लेकिन पटकथा थोड़ी सुस्त है और इसमें रोमांच या हास्य की कमी है। कई विषयों को छूने के बावजूद, फिल्म उनमें गहराई तक नहीं उतर पाती।



# क्या बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी कटरीना कैफ?

**कटरीना कैफ के फैंस लंबे समय से उनकी बड़े पर्दे पर वापसी का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में खबर है कि अभिनेत्री एक सीक्वल के लिए बातचीत कर रही हैं। इस फिल्म में तब्बू भी शामिल हो सकती हैं। हालांकि इसकी जानकारी अभी गुप्त रखी गई है, मगर इस प्रोजेक्ट ने इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है।**

## बड़े पर्दे पर वापसी कर सकती हैं कटरीना?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कटरीना कैफ एक सीक्वल से जुड़ सकती हैं। ऐसा माना जा रहा है कि वह इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार हैं। कहा जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट में मूल फिल्म की अभिनेत्री तब्बू भी नजर आ सकती हैं। हालांकि मेकर्स ने इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। प्रोजेक्ट की ज्यादा जानकारी गुप्त रखी गई हैं। कटरीना के इस प्रोजेक्ट में शामिल होने की संभावना ने फैंस के बीच काफी उत्साह पैदा कर दिया है। फिल्मफेयर के मुताबिक कटरीना कैफ पर 2001 की फिल्म 'चांदनी बार' के सीक्वल 'चांदनी बार 2' के लिए विचार किया जा रहा है। खबरों के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का निर्देशन अजय बहल कर रहे हैं और फिलहाल इसकी कास्ट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है।

## क्या है 'चांदनी बार' की कहानी


'चांदनी बार' (2001) का निर्देशन मधुर भंडारकर ने किया था। इस क्राइम ड्रामा में मुंबई के अंडरवर्ल्ड की काली सच्चाइयों को दिखाने की कोशिश की गई थी। यह फिल्म मुमताज की कहानी है, जिसका किरदार तब्बू ने निभाया है। मुमताज एक युवा महिला है जिसे बार डांसर के तौर पर काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

## कटरीना कैफ का वर्कफ्रंट

कटरीना कैफ की हालिया फिल्मों में 'सूर्यवंशी', 'फोन भूत', 'टाइगर 3' और 'मेरी क्रिसमस' शामिल हैं। एक्टिंग के साथ-साथ, उन्होंने अपने ब्यूटी ब्रांड को बढ़ाने पर भी ध्यान दिया है।


# अमिताभ बच्चन ने एक ही दिन में शूट की 12 शॉर्ट फिल्में

अमिताभ बच्चन 83 वर्ष की उम्र में भी इंडस्ट्री में न केवल सक्रिय हैं, बल्कि पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। इसे लेकर वे अपने प्रशंसकों के साथ अपडेट भी साझा करते रहते हैं। बिग बी नियमित रूप से ब्लॉग लिखते हैं। हालिया ब्लॉग में उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने 12 फिल्मों की शूटिंग एक ही दिन में पूरी कर ली। हालांकि, ये शॉर्ट फिल्में थीं, लेकिन यह भी कोई मजाक नहीं है।
अमिताभ बच्चन ने 12 शॉर्ट फिल्मों की शूटिंग का काम एक ही दिन में निपटा देने के साथ ही दो स्टिल शूट भी उसी दिन पूरे किए। बिग बी ने अपने ब्लॉग में एक नोट के साथ तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने ब्लॉग में लिखा है, 'काम तो काम है। आज 12 शॉर्ट फिल्में शूट कीं और दो स्टिल शूट किए और अब आप पर काम कर रहा हूं'। आगे लिखा है, 'बिना किसी देरी के, जोड़ने की यह प्रक्रिया ही आज का मुख्य काम है। बाकी सब तो चलता रहेगा। ये रुकना नहीं चाहिए। ब्लॉगिंग के शौकीन अमिताभ बच्चन ने आगे लिखा कि काम के दिन से पहले पूरी तैयारी के साथ पढ़ाई और अभ्यास करना चाहिए। परिस्थितियां कैसी भी हों, कभी समझौता नहीं करना चाहिए। बता दें कि अमिताभ बच्चन इन दिनों निर्देशक नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल की शूटिंग में व्यस्त हैं।



# भविष्य में नए और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने की इच्छा है

कहते हैं कि सपने बड़े देखो तो उसकी कीमत भी चुकानी पड़ती है और संघर्ष ही इस कीमत को वसूलता भी है। कई सफल टीवी शो का हिस्सा रह चुकीं अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर ने अपने करियर के सफर, संघर्ष और सफलता को लेकर खुलकर बात की है। 'इमली' जैसे चर्चित टीवी शो से घर-घर में पहचान बनाने वाली सुम्बुल का कहना है कि एक सफल कलाकार बनने का उनका रास्ता आसान नहीं था, लेकिन हर अनुभव ने उन्हें आगे बढ़ने और बेहतर बनने की प्रेरणा दी।
सुम्बुल ने बताया, 'मैं हमेशा से एक्टर बनना चाहती थी। इंडस्ट्री में मेरा सफर डांस रियलिटी शो से शुरू हुआ, लेकिन मेरा सपना अभिनय करना था।
अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें अपने निभाने हर किरदार से कुछ नया सीखने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि शुरुआती शोज से लेकर वर्तमान शो 'इत्ती सी खुशी' तक, अलग-अलग किरदारों को पर्दे पर जीवंत करना उन्हें बेहद पसंद है। उनके अनुसार, एक कलाकार के लिए हर किरदार एक नई चुनौती और सीख लेकर आता है।
सुम्बुल ने यह भी माना कि कई बार दर्शक किसी कलाकार और उसके किरदार के बीच फर्क करना भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई किरदार दर्शकों के दिलों तक पहुंचता है और लोग उस पर मजबूत प्रतिक्रिया देते हैं, तो यह कलाकार के काम की सबसे बड़ी सफलता होती है।
उन्होंने कहा कि उन्हें अब तक निभाए गए सभी किरदारों पर गर्व है और भविष्य में भी नए और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने की इच्छा है। दर्शकों की सोच पर बात करते हुए सुम्बुल ने कहा कि लोग अक्सर पर्दे पर निभाए गए किरदारों के आधार पर कलाकारों की छवि बना लेते हैं। अगर कोई कलाकार नायक या नायिका की भूमिका निभाता है तो दर्शक उससे वास्तविक जीवन में भी वैसा ही व्यवहार करने की उम्मीद करते हैं।





# वीर दास होंगे 'बारह नंबर' के निर्देशक

एक्टर, कॉमेडियन और फिल्ममेकर वीर दास ने अपनी अगली डायरेक्टोरियल फिल्म 'बारा नंबर' का एलान किया है। इस फिल्म में शीबा चड्ढा, अरुणोदय सिंह, एहसास चन्ना और अतुल कुलकर्णी जैसे कलाकार होंगे। यह साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म है। दास ने इस साल की शुरुआत में स्पाई कॉमेडी फिल्म 'हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस' से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया था।

## कवि शास्त्री के साथ दोबारा जुड़े वीर दास

'बारा नंबर' के लिए वीर दास एक बार फिर 'हैप्पी पटेल' के को-डायरेक्टर कवि शास्त्री के साथ काम करेंगे। इस फिल्म से वह क्रिएटिव प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़ेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दास भी फिल्म में बतौर एक्टर काम करेंगे। इसमें निहारिका लायरा दत्त, श्रिया पिलगांवकर, सुहैल नय्यर, पूजा स्वरूप और नवीन कौशिक भी शामिल हैं।
वीर दास ने बताया 'इस प्रोजेक्ट की सबसे रोमांचक बात यह है कि इसमें ऐसे कलाकार साथ आए हैं, जिनकी मैं तारीफ करता हूं। शीबा, अतुल, अरुणोदय, श्रिया, एहसास, निहारिका, सुहैल और नवीन, हर कोई फिल्म में एक अलग ऊर्जा और असलियत लेकर आता है।'

## कब अच्छी लगती है हॉरर फिल्म?

उन्होंने आगे कहा 'हॉरर फिल्म तब अच्छी लगती है जब दर्शकों को हर पल असली लगे और इस कलाकारों की टीम ने कहानी को उस स्तर से कहीं आगे पहुंचा दिया है, जो मैंने इसे लिखना शुरू करते समय सोचा था।' 'पेद्दी' के एक्शन डायरेक्टर ने आमिर खान से की राम चरण की तुलना, शूटिंग के दौरान इस वजह से याद आई फिल्म 'दंगल'

## वीर दास ने किया इन फिल्मों में काम

'देली बेली', 'गो गोवा गॉन' जैसी फिल्मों और 'कॉल मी बे' जैसी सीरीज में काम करने के लिए मशहूर वीर दास, अपने बैनर 'जजू प्रोडक्शंस' के जरिए 'बारा नंबर' को प्रोड्यूस करेंगे।



# थिएटर में नसीरुद्दीन शाह सर ने बहुत डांट लगी थी

**अहाना कुमरा ने अपने संघर्ष, रिस्क लेने की हिम्मत और एक कलाकार के तौर पर खुद को तराशने पर बातें की हैं। उन्होंने शहर की सीख और वैल्यूज के साथ मुंबई में काम पर बातें कीं। उन्होंने कहा- थिएटर में उन्हें नसीरुद्दीन शाह सर ने बहुत डांट लगी थी।**

## अहाना ने थिएटर पर की बात

थिएटर की सख्ती, अपने फैसलों की कीमत और इंडस्ट्री की सियासत, इन सबके बीच अपनी अलग पहचान बनाने वाली अहाना कुमरा की सोच उतनी ही साफ है, जितनी वह बेबाक हैं। नसीरुद्दीन शाह से मिली सीख ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाया तो लखनऊ की तहज़ीब और जिद आज भी उनके काम में झलकती है। अहाना कुमरा ने इस खास बातचीत में अपने संघर्ष, रिस्क लेने की हिम्मत और एक कलाकार के तौर पर खुद को लगातार तराशने की प्रक्रिया पर खुलकर बात की।
लखनऊ ने मुझे तहजीब और जिद दोनों दी हैं। अगर कहें तो मुंबई में जाकर आप तहजीब भूल जाते हैं (ठहाके लगाते हुए)। हालांकि, इस शहर ने एक जिद जरूर दी है क्योंकि जब आप ऐसे शहरों से आते हैं, जहां आपको अपने शहर का नाम रोशन करना है तो अंदर एक जिम्मेदारी सी रहती है। मैं यहां अब रहती नहीं हूं लेकिन साल में एक-दो बार आना-जाना जरूर हो जाता है। कभी खाने के बहाने तो कभी किसी इवेंट में शिरकत करने। लखनऊ आते ही ऐसा लगता है कि मुझे इसका नाम रोशन करना है। मुझे इसके लिए पांच या दस साल लग जाएं लेकिन कोशिश यही रहेगी कि मैं हमेशा जुटी रहूं और डटी रहूं। इस शहर ने जो सीख और वैल्यूज दी हैं, उन्हें साथ लेकर ही मैं मुंबई में काम कर रही हूं।

## नसीरुद्दीन शाह ने कहा, यह तुम्हारी जिम्मेदारी है

थिएटर में सबसे पहली चीज आप अनुशासन और शिद्दत सीखते हैं। आपको जो बोला गया है, वो आपको करना होगा और इसके पैसे नहीं मिलते हैं। फिल्मों की तरह 10 लोग आपके आजू-बाजू नहीं रहते हैं। याद है जब मैंने अपना पहला शो 'मॉटली' में किया था तो बैकस्टेज अपने कपड़े खुद सेट किए थे। हमारी बिलॉन्गिंग्स और चेंजेस होते हैं, जिन्हें चेक किया जाता है और वो मैंने ठीक से नहीं किया। उस पर नसीरुद्दीन शाह सर ने मुझे बहुत डांट लगाई थी। उन्होंने कहा था- तुमको क्या लगता है कि यहां तुम्हारे काम अलग से कोई करेगा? चुपचाप जाकर अपने सारे कॉस्ट्यूम चेक करो। देखो कहां क्या रखा है। यह तुम्हारी जिम्मेदारी है कि तुम जब वापस स्टेज से आओगे और दूसरे सीन के लिए तैयार होने जाओगे तो तुम्हें पता हो कि कहां पर क्या रखा है। हम यहां तक ड्रेस रिहर्सल करते थे कि अगर 30 सेकेंड हैं तो कैसे अपनी ड्रेस को अनजिप करें और कैसे नई ड्रेस जिप करके स्टेज पर फटाफट पहुंचें। अगर आप ये चीजें नहीं सीखते तो काम नहीं चलेगा। थिएटर में आपके पास समय नहीं है और वहां आपका काम कोई दूसरा नहीं करेगा। वहां आपको आत्मनिर्भर बनना पड़ता है। आजकल के ऐक्टर्स में मैंने देखा है कि वे काम बाद में शुरू करते हैं, पहले उनके इर्द-गिर्द 10 चेले-चपाटे आ जाते हैं। वो चीजें आपको थिएटर में नहीं मिलती हैं। मैं हमेशा कहती हूं कि कोई भी यंग ऐक्टर जो ऐक्टिंग शुरू करना चाहता है, उसे थिएटर जरूर करना चाहिए।

## अपने फैसलों की बहुत कीमत चुकाई है

हमेशा से कहती आई हूं कि जो मैं अपने डिसिजन लेती हूं, उसकी पूरी जिम्मेदारी मेरी है। मुझे यह जिम्मेदारी भी पूरी करनी है कि ऐसे रोल करूं, जिन्हें लोग बरसों याद रखें। उसके बारे में बाद में मुझे सोचकर यह ना लगे कि वो रोल क्यों किया। इन रोल्स को करने के लिए हमेशा बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। अगर आप हमारे जैसे प्रोफेशन में रिस्क नहीं लेंगे तो फिर यहां आने का कोई मतलब नहीं। आप नाइन टू फाइव जॉब कर लीजिए। बड़े-बड़े ऐक्टर्स रिस्क लेते हैं। रिस्क जिन्होंने नहीं लिया, उनके करियर बहुत जल्दी नीचे आ गए। मैंने अपने फैसलों की बहुत कीमत चुकाई है। बहुत लोगों की गालियां सुनी हैं। बहुत लोगों से यह भी सुना है कि तुम्हारे साथ आज के बाद काम नहीं करेंगे। मैंने उनसे यही कहा कि आप अकेले नहीं हैं। अगर आप मेरे साथ काम नहीं करेंगे तो भी मुझे काम मिलेगा। मैं खुद को इतना ग्रो कर चुकी हूं कि मुझे किसी की धमकी की जरूरत नहीं है। मैं तो अब प्रोड्यूस भी कर रही हूं।

स्वामी मोर्निंग सिटी मल्टीमीडिया प्रा.लि. मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), पुरराज प्रिंट एंड पैकिंग प्रा. लि., ई - 19 सेक्टर 6 नोएडा , गौतमबुद्धनगर से छपवाकर शॉप न. - 307 , 308 एल्फा - 1 नीलकंठ प्लाजा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949) (समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की सकती है। ई-मेल-morningcityinput@gmail.com।